फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 58, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00


# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 23 मार्च 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


## दुनिया में सबसे ज्यादा वायु प्रदूषण दिल्ली में




**नई दिल्ली:** भारत की राजधानी दिल्ली में कितना प्रदूषण है, इसको लेकर डब्लूएचओ ने एक रिपोर्ट जारी की है। यूएन एनवायरमेंट प्रोटेक्शन एजेंसी ने दुनिया भर के शहरों की एयर क्वालिटी रैंकिंग मंगलवार को जारी की है। इस रिपोर्ट में दिल्ली को दुनिया की कैपिटल सिटी के रूप में सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर बताया गया है। इस रिपोर्ट में सबसे खराब गुणवत्ता वाले 50 शहरों में से 35 शहर भारत के हैं। मंगलवार को जारी हुई वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट में डब्लूएचओ के मानकों पर भारत का एक भी शहर खरा नहीं उतरा है। एयर क्वालिटी रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली (85.5) को सबसे प्रदूषित शहर के रूप में रखा गया है। इसके बाद बांग्लादेश की राजधानी ढाका (78.1) और तीसरे नंबर पर अफ्रीका महाद्वीप के चाड देश की राजधानी अन जामेना (77.6) को रखा गया है। 2021 की वैश्विक एयर क्वालिटी रिपोर्ट में 117 देशों के 6475 शहरों का डेटा शामिल किया गया। इस रिपोर्ट में 20 से 35 फीसदी शहरी पीएम 2.5 पॉल्यूशन को व्हीकल प्रदूषण के रूप में रिकॉर्ड किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि नई दिल्ली में 2021 में पीएम 2.5 सांद्रता में 14.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पीएम 2.5, 2020 में 84 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से बढ़कर 96.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर हो गया है। वहीं, रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का वार्षिक पीएम 2.5 औसत 2019 में मापी गई सांद्रता पर वापस आ गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के प्रदूषित शहरों में चौथे नंबर पर तजाकिस्तान का दुशांबे, पांचवें पर ओमान का मस्कट, छठे पर नेपाल का काठमांडू, सातवें पर बहरीन का मनामा, आठवें पर इराक का बगदाद नौवें पर किर्गिस्तान का बिसकेक और दसवें पर उज्बेकिस्तान का ताशकंद शहर है।

# एक राष्ट्र-एक परीक्षा की तैयारी

### शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक कार्यक्रमों में दाखिला केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की मेरिट के आधार पर होगा, यह प्रवेश परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी



**नई दिल्ली:** देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 से स्नातक कार्यक्रमों में दाखिला केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) की मेरिट के आधार पर होगा। यह प्रवेश परीक्षा 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। आवेदन की प्रक्रिया अप्रैल माह के पहले सप्ताह में शुरू होगी। शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को इस संबंध में जारी सार्वजनिक नोटिस को साझा करते हुए कहा कि सभी यूजीसी वित्त पोषित केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022-2023 से स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए, सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 13 भाषाओं में आयोजित की जाएगी। आवेदन अप्रैल 2022 के पहले सप्ताह में उपलब्ध होगा। उल्लेखनीय है कि अब तक केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश 12वीं कक्षा के प्राप्त अंकों के आधार पर मिलता था। यूजीसी के सार्वजनिक नोटिस के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सीयूईटी का आयोजन हिन्दी, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, उर्दू, असमिया, बंगाली, पंजाबी, उड़िया और अंग्रेजी भाषाओं में किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया है कि सीयूईटी को राज्य, निजी और डिम्ड विश्वविद्यालयों द्वारा भी अपनाया जा सकता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन जगदीश कुमार ने कहा कि हमने विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) को अनिवार्य बनाने का फैसला किया है, जो 13 अलग-अलग भाषाओं में दिया जा सकता है। हमने छात्रों को बहुत सारे विकल्प दिए हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक सार्वजनिक नोटिस भी जारी किया है जो स्पष्ट रूप से कहता है कि सभी विश्वविद्यालय प्रवेश के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा स्कोर का उपयोग कर सकते हैं।



## राजधानी में बड़ा बदलाव: दिल्ली में अब तीनों नगर निगम एक होंगे, मोदी मंत्रिमंडल का फैसला

**नई दिल्ली:** मंगलवार को मोदी मंत्रिमंडल ने दिल्ली के तीनों निगमों को एक करने के फैसले पर मुहर लगा दी है। अब दिल्ली में तीन की जगह सिर्फ एक मेयर होगा। इसके अलावा नॉर्थ, साउथ और ईस्ट नगर निगम के स्थान पर सिर्फ एक नगर निगम होगा।

**डीएमसी एक्ट की धारा में बदलाव होगा**

तीनों नगर निगमों के विलय के बाद अस्तित्व में आने वाले नगर निगम से दिल्ली की आप सरकार को पूरी तरह दूर रखने की संभावना जताई जा रही है। नगर निगम अधिनियम (डीएमसी एक्ट) की 17 धाराओं का अधिकार दिल्ली सरकार से छीनकर केंद्र सरकार अपने अधीन ले सकती है। इन धाराओं के तहत कार्रवाई करने का पहले केंद्र सरकार के पास ही अधिकार था, मगर अक्तूबर 2009 में केंद्र ने इन धाराओं के तहत कार्रवाई करने का अधिकार दिल्ली सरकार को दे दिया था। इसके बाद से नगर निगम के कामकाज में दिल्ली सरकार का हस्तक्षेप बढ़ा है।

**भाजपा नेताओं ने केंद्र से आग्रह किया था:** दिल्ली प्रदेश भाजपा के नेताओं ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि वह नगर निगम को पूरी तरह दिल्ली सरकार से मुक्त कर दे। वह तीनों नगर निगम रखे या फिर तीनों निगमों का विलय करके एक निगम बनाए, क्योंकि दिल्ली सरकार को डीएमसी एक्ट की कुछ धाराओं के तहत कार्रवाई करने का अधिकार मिला हुआ है।

## 2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी



**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को 2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दी। यह मंजूरी कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों पर आधारित है।

2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट (टीडीएन3 के समतुल्य से टीडी5 ग्रेड) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4750 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 250 रुपये अधिक है।

यह उत्पादन की अखिल भारतीय औसत लागत पर 60.53 प्रतिशत का फायदा सुनिश्चित करेगा। 2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट का घोषित एमएसपी बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित उत्पादन की अखिल भारतीय औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। भारतीय जूट निगम (जेसीआई) मूल्य समर्थन को लेकर केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में अपना काम जारी रखेगा और इस तरह के संचालन में किसी प्रकार का नुकसान होने पर केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह उसकी प्रतिपूर्ति की जाएगी।

## चार सालों में जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की घटनाओं में आई कमी



**नई दिल्ली:** जम्मू कश्मीर में 2018 के बाद घुसपैठ की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। 2018 में 143 घुसपैठ की घटनाएं दर्ज की गई थी और यह वर्ष 2021 में घटकर 34 रह गई हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि घुसपैठ की घटनाओं में कमी के बावजूद ऐसी सूचनाएं है कि पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में विभिन्न लांच पैड पर काफी संख्या में संदिग्ध आतंकी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि 2018 में 143, 2019 में 138, 2020 में 51 और 2021 में 34 घुसपैठ की घटनाएं हुई थी। नित्यानंद राय ने बताया कि सीमा पार घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार ने बहुआयामी प्रयास किए हैं। इसके अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा व नियंत्रण रेखा पर बहुस्तरीय तैनाती, सीमा पर बाड़ लगाना, खुफिया और ऑपरेशनल समन्वय में सुधार, सुरक्षाबलों को उन्नत हथियार देना और घुसपैठियों के खिलाफ सक्रिय कदम उठाना शामिल है।

## पंजाब: ग्रुप सी और डी के 35 हजार अस्थायी कर्मचारी होंगे स्थायी



**चंडीगढ़:** पंजाब की भगवंत मान सरकार ने बड़ा एलान किया है। मान ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रुप सी और डी के 35 हजार अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी करने का फैसला किया है। उन्होंने मुख्य सचिव को ऐसी संविदात्मक और आउटसोर्सिंग भर्तियों को समाप्त करने का भी निर्देश दिया है। मान ने कहा कि मैंने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि अगले विधानसभा के सत्र से पहले इस कानून का मसौदा बनाकर उन्हें भेजा जाए ताकि हम विधानसभा में उसे मंजूर करके लागू कर सकें। मान ने कहा कि अब पंजाब में न कोई कच्चा घर रहेगा और न कोई कच्चा मुलाजिम। इससे पहले भी पंजाब मंत्रिमंडल की पहली बैठक में भगवंत मान सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बोर्डों-निगमों और पुलिस विभाग में नौजवानों को 25 हजार सरकारी नौकरियां देने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी थी।

## कार हादसे ने ले ली रैपर धर्मेश परमार की जान!

**मुंबई:** फिल्म गली बॉय में साथ काम कर चुके मशहूर रैपर धर्मेश परमार उर्फ एमसी तोड़फोड़ की कार हादसे में मौत हो गई है। वह 24 साल के थे। एमसी तोड़ फोड़ ने गली बॉय के गाने 'इण्डिया 91 ' में अपनी आवाज दी थी। उनकी मौत की खबर से मनोरंजन जगत में शोक की लहर है। रिपोर्ट्स के अनुसार धर्मेश की मृत्यु एक कार दुर्घटना में हुई है और बीते दिन यानी 21 मार्च को उनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। हालांकि अभी तक परिवार या बैंड की तरफ से उनकी मौत की वजह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## जी-23 के तीन सदस्यों ने की सोनिया गांधी से मुलाकात

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने नाराज चल रहे समूह (जी-23) के सदस्यों को मनाने का सिलसिला कांग्रेस ने शुरू कर दिया है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व लगातार इन नेताओं से संवाद कर रहा है। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी से जी-23 के तीन सदस्य आनंद शर्मा, मनीष तिवारी और विवेक तन्खा उनके आवास 10 जनपथ पर मिलने पहुंचे। इससे पहले पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह भी वहां पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी नेतृत्व अपने नेताओं से लगातार संवाद कर रहा है। जिससे पार्टी को मजबूत बनाया जा सके। बीते दिनों जी-23 के सदस्य गुलाम नबी आजाद ने भी सोनिया गांधी से मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों पांच राज्यों में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। जिसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने पांचों चुनावी राज्य उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर के पार्टी अध्यक्षों से इस्तीफा ले लिया था।

## 137 दिन बाद पेट्रोल-डीजल के दाम 80 पैसे लीटर बढ़े

### रसोई गैस भी 50 रुपए महंगी, दिल्ली में 14.2 किलो का सिलेंडर 949.50 रुपए का मिलेगा



**नई दिल्ली:** पांच राज्यों के चुनावों के कारण 137 दिनों से स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम मंगलवार को 80 पैसे प्रति लीटर बढ़ गए हैं। इतना ही नहीं, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में भी 50 रुपए का इजाफा हुआ है। दिल्ली में अब 14.2 किलो का बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 949.50 रुपए में मिलेगा। वहीं, पेट्रोल की कीमत 96.21 रुपए प्रति लीटर और डीजल 87.47 प्रति लीटर हो गई है। मुंबई में पेट्रोल 110.82, डीजल 95.00, कोलकाता में पेट्रोल 105.51, डीजल 90.62 और चेन्नई में पेट्रोल 102.16 और डीजल 92.19 रुपए प्रति लीटर हो गया है। दिल्ली में 5 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 349 रुपए, 10 किलो वाला 669 रुपए और 19 किलो वाला कमर्शियल सिलेंडर 2003.50 रुपए में मिलेगा।

**दीपावली के एक दिन पहले घटी थी एक्साइज ड्यूटी:** केंद्र सरकार ने 3 नवंबर को पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम की थी। तक पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी में 5 रुपए और डीजल में एक्साइज ड्यूटी 10 रुपए प्रति लीटर घटाई गई थी। इसके बाद कई राज्यों ने वैट में भी कटौती की थी। इससे आम आदमी को थोड़ी राहत मिली थी। चुनाव और पेट्रोल-डीजल के दाम का आपसी संबंध देखें, तो मौजूदा सरकार अब तक तीन बार चुनाव से ठीक पहले तेल के दाम स्थिर रखती है, जबकि चुनाव के बाद दाम बढ़ जाते हैं।

## इजरायल के पीएम अप्रैल में तीन दिवसीय यात्रा पर आयेंगे भारत

**नई दिल्ली:** इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर 3 से 5 अप्रैल को भारत की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के तौर पर उनकी यह पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत और इजरायल के बीच पूर्ण राजनयिक संबंधों के 30 साल और भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में होगी। जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री मोदी की इजरायल की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान भारत और इजरायल ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया। इजरायल के प्रधानमंत्री की यात्रा से कृषि, जल, व्यापार, शिक्षा और विज्ञान-प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में दोनों देशों के उत्कृष्ट द्विपक्षीय सहयोग के और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।

दोनों नेताओं ने इससे पहले पिछले साल नवंबर में कॉप-26 के मौके पर ग्लासगो में मुलाकात की थी। उन्होंने पिछले साल 16 अगस्त को टेलीफोन पर बातचीत भी की थी।

## राज्यों ने कोरोना वैक्सीन पर अपने निर्देशों का बचाव किया



**नई दिल्ली:** तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सरकार ने कोरोना वैक्सीन को लेकर जारी किए गए उनके दिशा-निर्देशों का बचाव किया है। तीनों सरकारों ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर अपने दिशा-निर्देशों का बचाव किया है। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार की ओर से एएजी अमित आनंद तिवारी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर जाने के लिए कोरोना का वैक्सीन अनिवार्य करने के पीछे बड़ा जनहित है ताकि कोरोना का संक्रमण आगे नहीं बढ़े। उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के उस दिशानिर्देश का हवाला दिया, जिसमें राज्यों को सौ फीसदी कोरोना वैक्सीनेशन कराने को कहा गया था। तमिलनाडु सरकार ने कहा है कि कोरोना का वैक्सीनेशन म्युटेशन रोकता है। बिना वैक्सीन लिए लोगों को संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि राज्य सरकार ने दुकानों, मॉल इत्यादि सार्वजनिक स्थानों में प्रवेश से पहले वैक्सीन लेना अनिवार्य किया है। राज्य सरकार की ओर से वकील राहुल चिटनिस ने कहा कि याचिकाकर्ता का ये कहना सही नहीं है कि वैक्सीन अनिवार्य करना संविधान की धारा 14 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन याचिकाकर्ता के अधिकारों से भी जुड़ा हुआ है, क्योंकि ये दूसरों के जीवन को भी प्रभावित करता है। मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के रुख का समर्थन करते हुए कहा कि अधिकारों का संतुलन जरूरी है। 2 मार्च को याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा था कि उन्होंने वैक्सीन नहीं ली है। उन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार ने वैक्सीन के सुरक्षित होने को लेकर कोई जानकारी लोगों के सामने नहीं रखी और न ही इस बात का कोई प्रमाण है कि क्या वाकई स्वस्थ लोगों को इसे लगाने की जरूरत है।

## दिल्ली हिंसा : भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को हाईकोर्ट का दोबारा नोटिस

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा की एसआईटी से जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को दोबारा नोटिस जारी किया है। जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई शुरू होते ही कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि क्या जिन्हें पिछली सुनवाई के दौरान नोटिस जारी किया गया था वे उपस्थित हैं। क्या उन्हें समन तामील किया गया है। तब याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि समन तामील नहीं हो सका है, क्योंकि प्रोसेस फी दाखिल नहीं की गई है। इस पर कोर्ट ने एतराज जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस याचिका पर तय सीमा में सुनवाई करने का आदेश दिया है। अगर जल्द सुनवाई नहीं हुई हो आप ही कहेंगे कि हाईकोर्ट देरी कर रहा है। उसके बाद कोर्ट ने सभी प्रतिवादी 24 नेताओं को नए सिरे से नोटिस जारी किया। 28 फरवरी को कोर्ट ने भाजपा और कांग्रेस के 24 नेताओं को नोटिस जारी किया था। दरअसल, एक याचिकाकर्ता शेख मुज्तबा और दूसरे याचिकाकर्ता लॉयर्स वॉयस ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर नेताओं को दिल्ली हिंसा का जिम्मेदार ठहराया था। शेख मुज्तबा ने भाजपा के चार नेताओं कपिल मिश्रा, अनुराग ठाकुर, प्रवेश वर्मा और अभय वर्मा के भाषणों को उकसाने वाला और हिंसा भड़काने का जिम्मेदार ठहराया था।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने दी जान

**घूरपुर।** क्षेत्र के बसवार गांव के एक युवक ने इरादतगंज रेलवे ओवर ब्रिज के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घूरपुर के बसवार गांव निवासी राम मूर्ति पाल का बेटा शनि कुमार (18) एक बाइक रिपेरिंग की दुकान पर काम करता था । मंगलवार के दिन वह घर से खाना खाने के बाद दुकान के लिए निकला था । शाम चार बजे वह इरादतगंज रेलवे लाइन पर कुछ देर तक टहल रहा था । ट्रेन आते ही दौड़ते हुए शनि ट्रेन के आगे कूद गया । जिससे उसके शरीर के चीथड़े उड़ गए । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पास में मीले मोबाइल से शनि की पहचान हो पाई। परिजनों को सूचना हुई तो मौके पर पहुंच गए । बड़ा भाई रवि कार चालक है।

# बम धमाके से किशोरी घायल, गांव मे दहशत

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** दो पक्षों मे अरसे से चले आरहे जमीनी विवाद मे मंगलवार की सुबह बम धमाके से एक किशोरी घायल हो गई है। मौकेपर पहुंची पुलिस ने घायल किशोरी को उपचार के लिए पहले सीएचसी बनी भेजा डाक्टरों ने उसे एसारन के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सराय इनायत थाना क्षेत्र के ककरा दुबावल गांव निवासी राम प्रकाश दुबे कि उनके पट्टीदार गणेश दुबे से रास्ते की जमीन को लेकर अरसे से विवाद चला आरहा है जिसको लेकर एक पक्ष के राम प्रकाश दुबे ने आरोप लगाया है कि मंगलवार कि सुबह घर के बाहर बेटी कविता 21 वर्ष जो मूकबधिर है उसके साथ बैठा था इतने मे निर्मला देवी के ललकारने पर गणेश दुबे ने बम से वार कर दिया जान बचाने के चक्कर मे मै भीतर भागा बेटी कविता मूकवधिर होने से वह भाग नहीं सकी और बम के धमाके मे वह घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए पहले सीएससी बनी भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे एसारन के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। वहीं दूसरे पक्ष से गणेश दुबे की भाभी निर्मला देवी का कहना है कि घर में कोई मौजूद नहीं है सब नौकरी पेशे मे हैं घरवालों को फंसाने की नियत से यह षड्यंत्र विपक्षियों द्वारा रचा गया है।



वह स्थान जहां बम फेंका गया गड्ढे के निशान


बम से घायल बालिका अस्पताल में भर्ती

## सप्ताह भर पहले दोनों पक्षों मे हुआ था मारपीट

दोनों पक्षों के बीच 15 मार्च को जमकर मारपीट हुआ था जिसमें दोनों पक्षों से करीब 10 लोग घायल हए थे। जिसमे एक पक्ष के राम प्रकाश दुबे कि तहरीर पर गणेश दुबे समेत 9 लोगों के खिलाफ वहीं दूसरे पक्ष से गणेश दुबे की भाभी निर्मला देवी पत्नी शिवदीन दुबे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उस वक्त पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया सिर्फ खानापूर्ती मे एक ब्यक्ति को शांति भंग मे चालान करके मामले को ठंढे बस्ते मे डाल दिया गया जिससे मंगलवार कि सुबह वही मामला एकबार फिरसे गरमा गया। और बम के धमाके कि चपेट मे आकर एक मूकवधिर किशोरी जख्मी हो गयी। बताया जाता है कि इसके पहले 11 मार्च को भी दोनों पक्षों मे मारपीट हुआ था जिसमे निर्मला की तहरीर पे पुलिस ने एनसीआर दर्ज किया था। बाद मे चौकी इंचार्ज के कहने पर दोनो पक्षों मे समझौता कराकर मामला शांत करा दिया गया था।

# मौसम बदलने से संक्रमण रोगों का रहता है खतरा!

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** जब भी मौसम बदलता है, तो वातावरण में कई बदलाव आते हैं। हवा, तापमान, नमी में हो रहे इन बदलावों के कारण मनुष्य के शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है और बीमार होने का खतरा ज्यादा होता है। भारत जैसे देश में जहां कई मौसम आते-जाते रहते हैं, वहां संक्रमण व रोग होने का खतरा अधिक होता है। बच्चे, बूढ़े और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को ऐसे समय में खास ख्याल रखना चाहिए.इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा के अधीक्षक डाक्टर ओमप्रकाश ने बताया की हमारे शरीर में करीब 60 प्रतिशत पानी होता है, जो हमारे स्वास्थ्य का निर्धारण करने में अति महत्वपूर्ण है। जब भी मौसम बदलता है, तो आपको पानी के साथ अन्य लिक्विड इनटेक भी बढ़ा देना चाहिए। जैसे- सिट्रस वाले फ्रूट्स का जूस, मशरूम सूप, दाल का पानी, टमाटर का सूप, हल्दी वाला गर्म पानी या दूध व अदरक, लौंग, इलायची, गुड़ से बना काढ़ा बदलते मौसम के हिसाब से पीना शुरू कर देना चाहिए.उन्होंने बताया कि शरीर की इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए विटामिन-सी बहुत जरूरी तत्व है। यह एक दमदार एंटीऑक्सीडेंट है, जिसे सिट्रस फ्रूट्स की मदद से डायट में शामिल करना काफी आसान है। लेकिन आप नींबू, कीवी, संतरा आदि के अलावा ब्रॉकली, फूलगोभी जैसी सब्जियों के जरिए भी विटामिन-सी को ग्रहण कर सकते हैं.बदलते मौसम से हो रही बीमारियों से बचाव हेतु डॉक्टर ओम प्रकाश ने बच्चों सहित सभी को अधिक से अधिक पानी का सेवन करने की सलाह दी है। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि यह किसी को सर्दी, जुकाम,खांसी और बुखार हो तो तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर परीक्षण कराएं.उन्होंने कहा कि अस्पताल में सभी तरह की व्यवस्था और जरूरी दवाएं हैं.डाक्टर की सलाह से दावा का इस्तेमाल करें।



## गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में दिया शिशु को जन्म

### 102 एम्बुलेंस मे हुआ सुरक्षित प्रसव

**मेजा रोड।** मेजा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम शाहपुर कला निवासी नीरज की पत्नी मनतारा देवी नौ महीने की गर्भवती थी। जिसको अचानक बीती रात प्रसावपीड़ा सुरु हो गयी। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। इस पर नीरज ने तुरंत 102 मे फोन मिलाया कॉल करने के बाद 15 मिनट मे मेजा समुदायिक मे तैनात 102 एम्बुलेंस उनके घर पहुंच कर गर्भवती महिला की स्थिति देखते हुए एम्बुलेंस में तैनात ईमटी शैलेंद्र सिंह यादव और पायलट अजय कुमार व आशा वन्दना ने तुरंत एम्बुलेंस मे गर्भवती महिला को शिफ्ट कराया और प्राथमिक उपचार देते हुए महिला का सुरक्षित प्रसव एन टी पी सी गेट के पास में एम्बुलेंस मे ही कराया। जिससे प्रसव के बाद जच्चा और बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ है। साथ ही अन्य उपचार के लिए मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया गर्भवती महिला के परिजनों ने जीवन दायिनी कर्मचारीयों के प्रति आभार व्यक्त जताया।

## दो अलग अलग स्थानों पर मार पीट कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो अलग अलग स्थानों पर मार पीट में कई घायल हुए है। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह थाणेवीर निवासी बच्चे लाल पुत्र बुधराम का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई । बच्चे लाल ने मऊआइमा थाने में बाबूलाल ,कुलदीप ,प्रदीप, सतीश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है । उधर थाना जेठवारा के ग्राम मनेहू निवासनीय अफसरुन पुत्री इसरार का आरोप है कि मेरा भाई फरहान अपने दोस्त जैद को लेकर नैनी से आ रहा था जैसे वह मऊआइमा के ग्राम अलावलपुर के पास पहुंचा था कि पुरानी रंजिश को लेकर फरहान को लाठी डंडा से मार कर पैर तोड दिए। अफसरुन की तहरीर पर पुलिस ने अन्सार ,रियासत ,मुकीम उर्फ सोनू ,कय्यूम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

# करछना के डीहा में कई घरों पर बम से हमला

**मवेशी जख्मी बाल बाल बचे लोग- 4 पर केस दर्ज, एक वर्ष पूर्व भी विवाद में चली थी गोली केस अभी कोर्ट में चल रहा है**

अखंड भारत संदेश

**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डीहा में मजरा शुक्लन का पूरा में बीती रात जमीन के पुराने विवाद को लेकर मध्य रात को आधा दर्जन लोगों ने कई घरों पर बमों से हमला किया लगभग आधा दर्जन बम फोड़े गए जिसमें मकानों की दीवारें पेड़ पर बमों के निशान व घर के बाहर बंधे मवेशी घायल हो गए आधी रात में बम बाजी से गांव में दहशत का माहौल फैल गया सूचना पर पहुंची पुलिस तब जाकर हमलावर फरार हुए पीड़ितों की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत किया गया है प्राप्त विवरण के अनुसार डीहा गांव के शुक्लन बस्ती में श्री कांत शुक्ला, शिवाकांत शुक्ला, देव मुनि शुक्ला के घर रात को रूद्र कांत शुक्ला, इंद्र कांत शुक्ला ,अभिषेक शुक्ला ,हरि कांत शुक्ला ,ने सुनियोजित ढंग से गिरोह बनाकर घरों पर की बम बाजी जिससे गांव में रात को दहशत का माहौल फैल गया और घर पर बंधे कई मवेशी जख्मी हो गए तथा पीड़ित परिवार की एक वृद्ध महिला बम की आवाज सुनकर बाहर आई उसे भी बम के छर्रे हाथ और पैरों में लगे हैं परिजनों ने रात सूचना देकर पुलिस को बुलाया थानाध्यक्ष करछना, सीओ करछना,मैं फोर्स के साथ घटना स्थल पहुचकर घटना का जायजा लिया पीड़ितों की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ धारा 286, 307 ,427 के तहत नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया है मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है घटना को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।





## जिले के 2852 परिषदीय स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू

**प्रयागराज।** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित जिले के 2852 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक में पंजीकृत 465884 छात्र-छात्राओं की वार्षिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन कक्षा एक से पांच तक के बच्चों की सभी विषयों की मौखिक परीक्षा कराई गई। कक्षा छह से आठ तक बेसिक क्राफ्ट, कला, कृषि व गृह शिल्प और खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग की परीक्षा हुई। बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार 23 मार्च को कक्षा दो व तीन की गणित, कक्षा चार से छह तक हिन्दी व कक्षा सात व आठ की विज्ञान की परीक्षा होगी। मूल्यांकन और परीक्षाफल 28 से 30 मार्च तक तैयार किया जाएगा और 31 को स्कूलों में समारोहपूर्वक बांटा जाएगा।

# विश्व जल दिवस पर गंगादूतो ने किया जल संरक्षण के लिए जागरूक

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत (16-31मार्च) गंगा स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्र के जन समुदाय को नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति नुक्कड़ नाटक ,प्रभात फेरी गंगा चौपाल, पौधारोपण इत्यादि के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है.इसी के अंतर्गत विश्व जल दिवस के मौके पर स्पेयरहेड लीडर रोहित मणि एवं गंगा दूत द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रोहित मणि ने सभी से जल संरक्षण एवं जल स्तर के विषय पर चर्चा की। पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से सभी कों जल के महत्व को जानने, समय रहते जल संरक्षण को लेकर सचेत होने और पानी बचाने का संकल्प लेने की बात कही। जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया विश्व जल दिवस को हर साल एक थीम के साथ मनाया जाता है. इस साल की थीम- ह्यभूजलः अदृश्य को दृश्यमान बनाना है। जिसका तात्पर्य ग्राउंडवाटर लेवल को बढ़ाने से है. भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्त्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है. हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है इसलिए विश्व जल दिवस 2022 को विशेष रूप से इस संसाधन पर केंद्रित रखा गया है. जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा. हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है. इस दिन को मनाने का महत्व सिर्फ इतना सा है कि हम सब उस संसाधन को बचाने में साथ हो जो हमारी जिंदगी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और आज जिस तरह के वातावरण में रहते हैं उसके लिए हम ही जिम्मेदार हैं. कार्यक्रम में सूरज त्रिपाठी,अंकित शुक्ला, संदीप , पुष्पराज शुक्ला, अजय तिवारी , अंकित मिश्रा , सर्वेश मिश्रा, शुभम द्विवेदी , आलोक शुक्ला, अंकित मणि, संदीप शुक्ला, शिवांश मिश्रा, आशु शुक्ला, विनीत, विनीत, गणेश ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूक करते गंगा दूत

## साइकिल सवार अधेड़ को बाइक से टक्कर, घायल

**सहसों।** झूंसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मलावां बुजुर्ग पेट्रोल पम्प के समीप साइकिल सवार अधेड़ ने किसी काम के लिए निकला था। जैसे ही मलावां बुजुर्ग पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा ही था कि पीछे से दो पहिया अज्ञात बाइक ने अधेड को टक्कर मार दी इससे साइकिल सवार घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को पारस यादव 50 वर्ष पुत्र रामकिशोर यादव शेरडीह हबीबपुर मोरी के पास का निवासी है। अज्ञात बाइक सवार ने पीछे से अनियंत्रित होकर अधेड़ की साइकिल में टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार अधेड़ रोड पर गिर गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए । खास बात यह है कि पारस यादव ना तो बोल सकता है और ना ही सुन सकता है। इसकी जानकारी आस पास के लोग पारस यादव के परिजनों को फोन करके बताया तो परिजन पहुंचकर आनन-फानन में उपचार हेतु स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टरों ने पैर में फैक्चर होने की पुष्टि की।

# बेटी के साथ दुराचार कर हत्या करने की जताई आशंका

अखंड भारत संदेश

**माँ ने शव खोदवाकर पीएम कराने की मांग डीएम व एसएसपी प्रयागराज से की है**

**हनुमानगंज।** उक्त मामला सराय इनायत थाना क्षेत्र के एक गांव है पती के गुजरने के बाद एक विधवा महिला अपने चार बेटियों के साथ रहती है और मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करती है। बडी.बेटी की शादी हो चुकी है 10 मार्च की रात उसकी बेटियां घरमे सो रही थी। माँ सबसे छोटी बेटी को लेकर घर से कुछ दूर जहां जानवर बंधे थे वहां सोने चली गयी रात्री करीब 2 बजे बडी.बेटी का 11वर्षीय बेटा घर से दूर सो रही नानी को जगाने लगा कहा कि मौसी चारपाई से नीचे गिरी है माँ भागकर आई और कमरे का नजारा देखा तो उसकी तीसरे नंबर की 16 वर्षीय बेटी का शव गले मे रस्सी का फंदा लगा नीचे लटका हुआ था और नीचे जमीन से उसका गेठुआ टेका हुआ था यह नजारा देख माँ चीखने चिल्लाने लगी देखते ही देखते मोहल्ले के लोग भी जुट गए और आत्म हत्या समझकर परिजन तथा गांव के लोगों ने सुबह लीलापुर गंगा घाट पर दफना दिया। बताया जाता है कि घटना के बाद साफई करते वक्त चारफाई के सिराहने से एक मोबाइल मिला जिसमे कई मिसकाल पडा. था। जबकी मेरी बेटी के पास कोई मोबाइल नहीं था। घर से कुछ दूर गिलट का लाकेट और अंगूठी मिला है। परिजनों का दावा है कि वीडियो रिकार्डिंग भी मिला है। जिससे परिजनो का शक गहरा होगया कि उसके साथ दुराचार कर किसीने हत्या कर दी है। माँ ने शव खोदवाकर पीएम कराने की मांग जिलाधिकारी व एसएसपी से की है।

## बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने फरार चल रहे एक वांछित बलात्कार के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिए। पुलिस के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के पुरवा खास गांव निवासी गुड्डू भारतीया उर्फ बृजेश पुत्र सेवा लाल के खिलाफ उक्त थाना क्षेत्र की एक गांव की रहने वाली एक पीड़िता ने बीते दिनों तहरीर देकर उसके खिलाफ बलात्कार एवं जान से मार देने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस की पकड़ से उक्त आरोपी फरार चल रहा था। मंगलवार सुबह लगभग 11:00 बजे औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे को जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी निमार्णाधीन रेलवे बाईपास की अंडर ग्राउंड पुलिया के समीप मौजूद है और वह कहीं बाहर भागने की फिराक में लगा हुआ है। सटीक सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजीव कुमार चौबे ने हेड कांस्टेबल नवीन राय, कांस्टेबल सागर यादव, श्यामेन्द्र पटेल व महिला कांस्टेबल दिव्या बाजपेयी को साथ लेकर उक्त स्थान पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए वांछित फरार आरोपी को गिरफ्तार कर थाने उठा लाए। पुलिस कानूनी कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिए।

# मेडिकल कॉलेज कर्मचारी की हत्या में मिले अहम क्लू

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेडिकल कॉलेज परिसर में वार्ड ब्वॉय पंकज पटेल (35) की हत्या अवैध संबंध के कारण की गई थी। यही नहीं, इसमें उसके बेहद करीबी लोगों का हाथ था। तफ्तीश में जुटी पुलिस को इस हत्याकांड में बेहद अहम सुराग मिले हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा किया जाएगा। पंकज की मेडिकल कॉलेज परिसर स्थित सरकारी क्वार्टर में गला रेतकर हत्या की गई थी। उसका खून से लथपथ शव एक दिन पहले इसी क्वार्टर से बरामद हुआ था। पुलिस ने उसके करीबी दोस्त अल्लापुर निवासी गोलू को हिरासत में ले लिया था। सूत्रों का कहना है कि गोलू से पूछताछ और जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को पता चला है कि मृतक शराब पीने का आदी था। इसके अलावा दो अन्य महिलाओं के यहां भी उसका आना-जाना था। इसे लेकर उसका अपनी पत्नी से कई बार विवाद भी हो चुका था।

**आरोपी ने किया चौंकाने वाला खुलासा**

### गलत संगत में पड़ने के कारण परिवार के लोग भी थे नाराज

अपनी इसी आदत के चलते उसने काफी पैसा भी लुटा दिया था। अल्लापुर स्थित मकान बेचने पर उसे 30 लाख रुपये मिले थे। इसमें से 12 लाख रुपये उसने अपनी अनाप-शनाप आदतों में खर्च कर दिए थे। इसे लेकर परिवारवाले भी उससे नाराज थे। सूत्रों का कहना है कि जांच पड़ताल के दौरान पुलिस के को ऐसे सुराग मिले हैं जो केस के खुलासे में बेहद अहम हो सकते हैं। जिसके बाद पुलिस कुछ अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। फिलहाल इस मामले में अफसर ज्यादा कुछ नहीं बता रहे हैं। उनका कहना है कि जांच पड़ताल चल रही है।

## रंग गुलाल के साथ हुआ होली मिलन

**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन के सौजन्य से क्षेत्र के हसनपुर कोरारी गांव में सोमवार को रंग गुलाल लगाकर किसान होली मिलन समारोह किए। इस अवसर पर एकत्रित किसान लोग एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। और गुझिया, पापड़, दूधभंगा का लुत्फ उठाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी अजय कुमार दुबे, संजय कुमार शुक्ला, लवकेश मिश्रा, शारदा प्रसाद शुक्ला, डब्लू पांडे, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, संग्राम सिंह, बाबूलाल कुशवाहा, अजय मौर्य, भूनेश शुक्ला, दीनानाथ शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। इसी तरह सहसों बाजार में नवयुवक जन कल्याण समिति के तत्वाधान में सोमवार को होली मिलन समारोह कार्यक्रम के दौरान एकत्रित नवयुवकों ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया एवं अबीर गुलाल के साथ फूलों की होली खेलकर एक दूसरे को गले लगाए एवं बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी हिमांशु सिंह, संजय सिंह, विवेक सिंह, अमन कुमार सिंह, विकास कुमार, राहुल गुप्ता, जय कृष्ण सोनी, शिवम पटवा, दिलीप कुमार गुप्ता, विपुल मिश्रा, शशिकांत पांडे, श्रीकांत तिवारी, नितिन तिवारी, मनोज कुमार प्रजापति सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# 2024 मे पुनः कमल खिलाकर इतिहास रचेगें : राम गोपाल काका

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज पुलिस लाइंस अतिथि गृह मे कार्यकताओं संग बैठक कर बनाई योजना, जश्न जीत का, एहसास बड़ी जिम्मेदारी का" के साथ प्रत्येक जिले मे पुनः तैयार होगी 11000 कार्यकताओं की टीम**

**जसरा।** मिशन मोदी अगेन पीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका का आगमन मंगलवार को प्रयागराज के गंगा अतिथि गृह पुलिस लाईंस पर हुआ। जिसमे मिशन मोदी अगेन पीएम काशी प्रांत के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी व मेजा यमुनापार से वरिष्ठ कार्यकर्ता अमरेश तिवारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका को अंगवस्त्रम् व बुके भेंटकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल काका ने ₹जश्न जीत का, एहसास बड़ी जिम्मेदारी का₹ के तहत प्रदेश में भाजपा के एतिहासिक जीत के बाद 2024 मे 2019 के तरह पुनः मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने हेतू गठित 11000 हजार कार्यकताओं के संदर्भ मे संगठनात्मक समीक्षाएं की एवं संगठन मे निष्क्रिय कार्यकताओं के स्थान पर नए कार्यकताओं के नियुक्ति के संदर्भ पर काशी प्रांत के मीडिया प्रभारी व प्रयागराज जिला प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि कार्यकताओं संग बैठक कर योजनाएं बनाई। राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल काका ने कहा मिशन मोदी के कार्यकताओं ने 2014, 2017, 2019, 2022 मे इतिहास रचा था। अब 2024 मे पुनः इतिहास रचकर भाजपा के कदम से कदम मिलाकर कमल खिलाने का कार्य करेंगे। दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को भी प्रयागराज में रहेंगे कार्यकताओं से मिलने के साथ कई बैठकें करेंगे.साथ ही 2024 हेतू संगठन को मजबूती देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अमरेश तिवारी, धर्मराज पाल,नीरज पांडेय आदि ने स्वागत किया।



## खबर संक्षेप

### गोहरी गांव में महीनो से नही आते सफाई कर्मी,गंदगी का अंबार

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक का सबसे बड़ी ग्राम सभा गोहरी सहित प्रसादपुर, भदरी, मलाकिय, चतुरीपुर, बहमलपुर, आदि दर्जनों गांव सन 2018 से नगर निगम में सम्मिलित हो जाने से सफाई कर्मी नदारत रहते है। पूरे ग्राम सभा में गंदगी का अंबार लगा है। नालियां चोक हो गई है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी नालियों के बजाए खड़ंजा मार्ग से बहता रहता है। जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। इतना ही नहीं खड़ंजा मार्ग पर पानी भरा रहने से कीचड़ युक्त सड़क पर ग्रामीणों का आना जाना दूभर हो गया है। जब ग्रामीण सोरांव ब्लॉक के अधिकारियो से शिकायत करते है। तो जवाब मिलता है कि अब नगर निगम में जाने वाले सभी गांव हमारे अधिकार क्षेत्र से बाहर है। इसलिए हम उसमे कुछ नही कर पाएंगे। गोहरी गांव के मोहन गंज फुलवरिया,खुशहाल का पूरा, टोंडर का पूरा, रोटी का पूरा, रामपुर आदि मजरों में गंदगी के चलते मच्छरों का प्रकोप है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा, गिरीश कुमार मौर्य, अनुज कुमार मौर्य, विनोद कुमार, सुरेश कुमार मौर्य,केदार,राम सिंह, पवन, घेराऊ प्रजापति,अशोक कुमार, संतोष दुबे, विजय दुबे, राहुल दुबे सहित सम्पूर्ण ग्राम वासी को कीचड़ युक्त रास्ते से आना जाना रहता है। कीचड़ होने से आए दिन लोग गिरकर चोथिल होते रहते हैं। उक्त सभी लोगों ने संबंधित अधिकारियों से गांव में सफाई करवाने की मांग की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज(** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग एक बीमारी ही नही, बल्कि किसी भी क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति का दर्पण है। भारत के क्षय रोगियों की संख्या का पांचवा भाग उत्तर प्रदेश में है। इस गम्भीर चुनौती को ध्यान में रखते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्ष 2025 तक क्षयरोग को देश से पूर्ण रूपेण समाप्त करने का संकल्प लिया गया है तथा प्रदेश सरकार इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में कुल 3668 क्षय रोग के एक्टिव मरीज है। जिलाधिकारी ने क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को समयान्तर्गत प्राप्त करने हेतु जनपद के कार्यदायी संस्थाओं, विद्युत, पीडब्लूडी, नगर निगम, पीडीए, शैक्षणिक संस्थाओं, गणमान्य नागरिकों सहित अन्य संस्थाओं को सभी बाल क्षय रोगियों को गोद लिए जाने का आह्वाहन किया है। इसके बाद अन्य क्षय रोग के मरीजों को भी वरीयता (महिला एवं पुरूष) के आधार पर गोद लिए जाने के लिए कहा है। गोद लेने वाली संस्थाओं द्वारा सम्बंधित क्षय रोगी को अपने परिवार के सदस्यों के सामान भावनात्मक सहयोग प्रदान कर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे डाट्स के माध्यम से दी जा रही औषधियां निरंतर बिना किसी दिन गैप किए सम्पूर्ण उपचार अवधि में खाने हेतु प्रेरित किया जाये। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षय रोगियों को निःशुल्क जांच, कोमर्बिडिटी जांच, ड्रग सेन्सिटिविटी जांच, उपचार एवं निक्षय पोषण योजना के अन्तर्गत निर्धारित धनराशि प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, पीडीए के सचिव, अपर नगर आयुक्त सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक करते जिलाधिकारी प्रयागराज

# हॉलैंड हाल में छात्र ने प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हालैंड हॉल छात्रावास के कमरा नंबर 77 में प्रतियोगी छात्र संजय पटेल ने प्रेम प्रसंग में फांसी लगाकर जान दे दी। सोमवार देर रात घटना की जानकारी मिलने पर छात्रावास के लड़के दंग रह गए। सूचना पर पहुंची कर्नलगंज पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। कमरे से मिला सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया था। जिस लड़की से वह प्रेम करता था, उसकी शादी तय हो चुकी है। इसी से परेशान होकर उसने जान दी है। पुलिस ने बताया कि संजय पटेल पुत्र अरविंद निवासी ग्राम पलानी थाना बबेरू बांदा का रहने वाला था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए और एमए की पढ़ाई करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह हालैंड हाल छात्रावास के कमरा नम्बर 77 में रहता था। वर्तमान में वह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से प्राचीन इतिहास में शोध कर रहा था। तैयारी के लिए वह दिल्ली चला गया था। होली से पहले प्रवक्ता की मुख्य परीक्षा थी। परीक्षा देने वह प्रयागराज आया और हालैंड हॉल कमरा नंबर 77 में ही रुका था। सोमवार शाम तक वह अपने दोस्तों के साथ बातचीत करता रहा। रात में कमरे में फांसी लगा ली। रात में करीब 1:30 बजे संजय पटेल का एक साथी कमरे में पहुंचा तो उसे फांसी पर लटका देख चीख उठा। कर्नलगंज पुलिस ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना की जानकारी मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मचा रहा।

# रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपये और हुआ महंगा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पेट्रोलियम कंपनियों ने रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा कर दिया है। मंगलवार सुबह से सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ा दी गई है। प्रयागराज में 14.2 किलोग्राम के नान सब्सिडी रसोई गैस सिलेंडर का 962 से बढ़कर 1012 हो गया है। इसका असर लोगों की जेब पर पड़ने वाला है। तकरीबन चार महीने बाद रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा किया गया है।

यह पहली बार है जब नान सब्सिडी रसोई गैस सिलेंडर की कीमत एक हजार रुपये का आंकड़ा पार कर गई है। इससे पहले अब तक घरेलू गैस की कीमत ने कभी एक हजार का आकड़ा पार नहीं किया था। वहीं पांच किलोग्राम वजन का नान सब्सिडी रसोई गैस सिलेंडर अब 371 रुपये में मिलेगा। 10 किलोग्राम का नान सब्सिडी कंपोजिट सिलेंडर 713 और पांच किलोग्राम का कंपोजिट सिलेंडर 371 में मिलेगा।चार महीने बाद रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में हुए इजाफे से लोगों की समस्याएं और बढ़ जाएगी। इसकी सबसे ज्यादा मार मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ेगा। इससे पहले पेट्रोलियम कंपनियों ने सोमवार की रात में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा की जानकारी दी थी।



मंगलवार सुबह रसोई गैस के डीलरों के पास जब सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी का मैसेज आया तो वह भी दंग रह गए। इसके बाद आनन-फानन हाकरों और एजेंसी के कर्मचारियों को जानकारी दी गई।

# जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना को निर्धारित समय सीमा में आवेदनकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें : राज्य सूचना आयुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्य सूचना आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार को सर्किट हाउस में विभागों के जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मा0 राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जन सूचना अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी जाने वाली सूचनाओं को निर्धारित समयसीमा (30 दिन) के अंदर आवेदनकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत आवेदनकर्ता को मांगी गयी सूचना उपलब्ध करा दिए जाने से आवेदनकर्ता को जहां एक ओर समय से सूचना उपलब्ध हो जाती है, वहीं दूसरी तरफ राज्य सूचना आयोग में होने वाली पेंडेंसी में भी कमी आती है। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों को प्रारूप-3 के तहत रजिस्टर बनाकर उसको नियमित रूप से अद्यतन बनाये रखने के लिए भी कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सूचना आयोग में प्रकरण की सुनवाई के समय यदि कतिपय कारण से जन सूचना अधिकारी/प्रथम अपीलीय अधिकारी स्वयं उपस्थित नहीं हो पाते है, तो किसी सक्षम अधिकारी को ही राज्य सूचना आयोग में भेजे, साथ ही साथ जिस अधिकारी या कर्मचारी को भेजे, उसको अधिकार पत्र अनिवार्य रूप से दे दें। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदनकर्ता को सूचना की प्रामाणित प्रति अनिवार्य रूप से दी जाये। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों को पूरी तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए आवेदनकर्ता को समय से सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा प्रसाद सिंह, नगर मजिस्टेज्ट, मुख्य राजस्व अधिकारी, जिला विकास अधिकरी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक करते राज्य सूचना आयुक्त

# प्रयागराज के यश पहला खेलेंगे पहला आईपीएल पहनेंगे, नीले रंग की 133 नंबर की जर्सी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के होनहार क्रिकेटर यश दयाल आइपीएल 2022 गुजरात टाइटंस के लिए ब्लू जर्सी में नजर आएंगे। उन्होंने अपनी टीम जर्सी में फोटो साझा की। बताया कि वह बहुत खुश हैं और पूरी तरह से मैदान पर उतरने के लिए तैयार है। इस समय बहुत कड़ी ट्रेनिंग से गुजर रहे यश अपने पहले ही मैच में बड़ी छाप छोड़ने का प्रयास करेंगे और इसमें कोई कोर कसर न रहे इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।यश दयाल को आइपीएल में पहली बार खेलने का मौका मिला है। वह गुजरात टाइटंस की टीम से खेलेंगे। खास बात है कि गुजरात टाइटंस का पहला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से है। ऐसे में अपने घरेलू टीम के सामने यश का प्रदर्शन देखने लायक होगा। पिछले कुछ समय से यश लखनऊ में ही रहकर अपनी प्रैक्टिस कर रहे थे। ऐसे में इस शहर के नाम से बनी टीम के खिलाफ उनको खेलते देखना काफी दिलचस्प होगा। गुजरात टाइटंस का पहला मैच 28 मार्च को लखनऊ सुपर जायंट्स से है। संभावना है कि यश इसमें खेलें। इसके अलावा दो अप्रैल को दिल्ली कैपिटल से, आठ अप्रैल को पंजाब किंग्स इलेवन से, 11 अप्रैल को सन राइजर्स हैदराबाद, 14 अप्रैल को राजस्थान रायलस और 17 को चेन्नई सुपर किंग्स से गुजरात टाइटंस का मैच होना है। इन सभी में यश के खेलने की संभावना है।

### प्रयागराज के चकिया मोहल्ले के रहने वाले हैं यश

भारत क्रिकेट टीम से जुड़ चुके यश दयाल शहर के चकिया इलाके के रहने वाले हैं। 13 दिसंबर 1997 को जन्मेयश के पिता चंद्रपाल दयाल भी क्रिकेटर रहे हैं। यश दयाल बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करते हैं और उनकी गेंद कहर बरसाती हैं। यश प्रयागराज में ही लंबे समय से क्रिकेट की तैयारी करते रहे। 2018 में उत्तर प्रदेश की अंडर 23 बोर्ड ट्राफी में चयनित हुए। यहां बेहतर प्रदर्शन के बाद वह उत्तर प्रदेश की टीम के विभिन्न ट्राफी और टूनार्मेंट में खेलते नजर आए। अपनी तेज गेंदबाजी के दम पर चार साल में यश ने आइपीएल तक सफर तय कर लिया है और अब वह भारतीय टीम का सदस्य बनने के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं।

# पकरी-सेवार सचिवालय पर प्रधान ने सुनी जन समस्या

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** ग्राम सभा पकरी-सेवार में जन समस्या को लेकर ग्राम सचिवालय पर प्रधान रेनू पाण्डेय के प्रतिनिधि मिथिलेश पाण्डेय की अगुवाई में खुली बैठक की गई। ग्राम सभा के लोगों द्वारा अपनी अपनी समस्याओं को प्रधान पति मिथिलेश पांडे के समक्ष रखा। ग्राम सभा के जन समस्याओं मेंआवास योजना,नाली निर्माण कार्य,सिचाई नाली कार्य,पेयजल समस्या,हैंडपंप की मरम्मत,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,आदि समस्याओं को लेकर अपनी-अपनी बात लोगो ने रखी। लोगों की समस्याओं के निदान की बात प्रधान प्रतिनिधि ने कहीं। वहीं उपस्थित ग्रामसभा पकरी-सेवार के चारो मजरे के लोग व महिलाए बैठक में मौजूद रही।प्रधान प्रतिनिधि ने हर मजरे के लोगो की समस्या पर ध्यान देते हुए निदान करने की बात कही। वही वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन दिन के बैंक खाते में आधार लिंक नहीं है वे अतिशीघ्र आधार से खाते को लिंक करें तथा 60 वर्षीय वृद्ध जिनकी पेंशन बनाने योग्य है वे आधार कार्ड,परिवार रजिस्टर, बैंक पासबुक ,आज दस्तावेज प्रधान कार्यालय में जमा कर दें। प्रधान प्रतिनिधि मिथिलेश पांडे ने जिन लाभार्थियों के शौचालय अभी तक नहीं उपलब्ध हो पाए हैं अति शीघ्र अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा प्रधान कार्यालय पर अपना दस्तावेज जमा कर दें वही जल निगम की पाइप लाइन द्वारा जहां पर पानी नहीं पहुंच रहा है उसका भी निस्तारण किया जाएगा लेकिन शिकायत लिख कर प्रधान कार्यालय में जमा करें। बैठक में सफाई कर्मी अवधेश राव, सत्यवान सोनकर ,आंगनवाड़ी गीता सिंह, सुनीता यादवऔर आशा शैल कुमारी,रन्नो, कलावती पार्वती आदि मौजूद रहे, लेकिन ग्राम विकास अधिकारी की उपस्थिति नहीं रही। वही गांव के विपिन द्विवेदी,डाक्टर द्विवेदी,विजय शर्मा, सुरेश पाल, हीरामन सोनकर, भुवर सोनकर, संजय यादव,अमरजीत जैसल, रंजीत सोनकर,मोनू यादव, नंदलाल प्रजापति, सियाराम प्रजापति,फिप्टि यादव, अजीत उर्फ डबलू यादव, बृजेश प्रजापति,ननकू निषाद,व महिलाए उपस्थित।



जन समस्या सुनते प्रधान प्रतिनिधि

# मण्डलायुक्त ने पीएम स्वानिधि योजना के प्रगति की समीक्षा बैठक

## पीएम स्वानिधि योजना के लाभाथिंयों के आवेदन पत्रों को लम्बित रखने वाले ब्रांच मैनेजरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मंडलायुक्त संजय गोयल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में पीएम स्वानिधि योजना की प्रगति के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने पीएम स्वानिधि योजना के तहत स्ट्रीट वेण्डरों को 10 हजार रू0 तक के ऋण प्रदान किये जाने के प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित बैंको के ब्रांच मैनेजरों को हिदायत देते हुए निर्देशित किया है कि पीएम स्वानिधि योजना के लाभार्थियों के आवेदन पत्रों को बिना किसी उचित आधार के लम्बित रखने तथा स्वीकृत ऋण को समय से वितरण न करने वाले ब्रांच मैनेजरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई जायेगी। उन्होंने लम्बित आवेदन पत्रों को तत्काल निस्तारित करते हुए लाभार्थियों को अनुमन्य ऋण का तत्काल वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। बैठक में मण्डलायुक्त ने बैंकवार समीक्षा करते हुए ब्रांच मैनेजरों को प्रत्येक दशा में 30 मार्च तक पीएम स्वानिधि योजना के लाभार्थियों के स्वीकृत ऋण का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैंक ऑफ बड़ौदा की ब्रांचों में अधिक आवेदन पत्र लम्बित पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डलायुक्त ने ब्रांच मैनेजरों को तत्काल आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए पात्र स्ट्रीट वेण्डरों के ऋण को स्वीकृत करते हुए वितरित किए जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने लापरवाही बरतने वाले ब्रांच मैनेजरों के विरूद्ध जहां एक ओर कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है, वहीं पर पीएम स्वानिधि योजना में अच्छा कार्य करने वाले पांच ब्रांच मैनजरों को प्रशस्ति पत्र भी दिए जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने ब्रांच मैनेजरों को एक हेल्प काउंटर बनाये जाने तथा वहां पर पीएम स्वानिधि योजना के लाभार्थियों से सम्बंधित समस्याओं के निस्तारण के लिए समय उल्लिखित करते हुए बोर्ड लगाये जाने का निर्देश दिया है, जिससे की लाभार्थियों की समस्याओं का आसानी से निस्तारण किया जा सके। मण्डलायुक्त ने ब्रांच मैनेजरों को डिजिटल ट्रांसफर के लिए प्रेरित करने तथा उससे होने वाले लाभ के बारे में भी लाभार्थियों को जागरूक करने के लिए कहा है। बैठक में मण्डलायुक्त ने ब्रांच मैनेजरों से यह भी कहा है कि पीएम स्वानिधि के जिन लाभार्थियों के द्वारा ऋण समय से वापस कर दिए जाते है, ऐसे लाभार्थियों की फोटो तथा उनका नाम नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाने की व्यवस्था की जाये, जिससे की उनसे प्रेरित होकर अन्य लोग भी बैंक से लिए गए ऋण को समय से चुकता करें। मण्डलायुक्त ने एलडीएम को नियमित रूप से योजना का अनुश्रवण करने के लिए कहा है। इस अवसर पर नगर आयुक्त श्री रवि रंजन, एलडीएम, पीओ डूडा सहित सभी बैंको के ब्रांच मैनेजर उपस्थित रहे।



बैठक करते मंडलायुक्त प्रयागराज

**कार्यालय ग्राम पंचायत धवाड़ा विकास खण्ड सरसवां, जनपद-कौशाम्बी**

**निविदा सूचना**

**ग्राम पंचायत धवाड़ा में मनरेगा योजना अन्तर्गत चुन्नी लाल के घर से कमल सिंह के घर से होते हुए शिवम के घर तक नाली एवं इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म दिनांक 06.01.2022 से 13.01.2022 तक शीलबन्द निविदा अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 14.01.2022 को 4 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायगी। निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा। निविदा ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2021-2022 में कराये जाने वाले कार्य हेतु प्रभावी होगा।**

**मीरा देवी**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धवाड़ा
वि. ख.- सरसवां, कौशाम्बी

**रवि सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत धवाड़ा
वि. ख.- सरसवां, कौशाम्बी

पत्रांक-मेमो/जनवरी 2022

# एमपी-एमएलए कोर्ट ने गोपालजी को न्यायिक हिरासत में भेजा जेल

## फर्जी पते पर लाइसेंस लेने के मामले में आज होगा सजा का ऐलान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के अत्यंत करीबी तथा जनसत्ता दल की ओर से एमएलसी का नामांकन भरने वाले अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी को एमपी-एमएलए कोर्ट ने फर्जी पते पर शस्त्र लाइसेंस लेने के आरोप के सिद्ध हो जाने पर आज मंगलवार को पुलिस हिरासत में लेकर जेल भेज दिया।

एमपी-एमएलए कोर्ट ने आज उक्त आरोपों पर सजा की बहस समाप्त होने के बाद न्यायालय ने गोपाल जी को पुलिस कस्टडी में लेने का आदेश दिया, जिस पर पुलिस ने उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया और उन्हें लेकर जेल चली गई। बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट इस मामले में सजा सुनाएगा। न्यायालय का फैसला ऐसे समय में आया है, जब एमएलसी चुनाव का नामांकन पत्र की प्रक्रिया चल रही थी। ऐसे में गोपाल जी का एमएलसी का चुनाव लड़ने पर भी प्रश्नचिन्ह लग गया है। वैसे गोपाल जी की पत्नी मधुरिमा ने तथा राजा भइया के एक अन्य करीबी डा0 कैलाश नाथ ओझा ने नामांकन भरा है। गोपाल जी के स्थान पर उनकी पत्नी के लड़ने की चर्चा जोरों पर है। कुछ भी हो, एमएलसी चुनाव की शुरूआत में ही राजा भइया को इस फैसले से तगड़ा झटका लगा है। आज न्यायालय के बाहर भारी पुलिस व्यवस्था की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा व सीओ सदर अभय कुमार पाण्डेय ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली थी। गोपाल जी के अदालत में पेश होने के कुछ ही देर बाद पुलिस ने उन्हें कस्टडी में ले लिया था। आज अधिवक्ताओं के बीच में गोपाल जी को सजा होने की घोषणा होने के बाद आगे की रणनीति पर चर्चा होती रही।



पुलिस अभिरक्षा में जेल जाते अक्षय प्रताप सिंह गोपाल।

### क्या है मामला ?

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वर्ष 1997 के सितम्बर माह में नगर कोतवाली क्षेत्र के फर्जी पते पर शस्त्र लाइसेंस लेने के मामले में तत्कालीन शहर कोतवाल डीपी शुक्ला ने अक्षय प्रताप सिंह गोपाल के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था, जिस पर लगभग 25 वर्ष बाद एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस मामले में पहले दोष सिद्ध पाया और फिर आज 22 मार्च को सजा पर बहस हुई। सजा का ऐलान 23 मार्च यानि बुधवार को होगा।

# प्रमोद तिवारी ने किया स्वामी करपात्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण, अमन व शांति पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार की लापरवाही से अर्थव्यवस्था के क्षेत्र मे लगातार भयावह स्थिति को चिंताजनक करार दिया है।

रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आये प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, गोवा, मणिपुर मे सरकार वापसी के बाद हम दो हमारे दो के रास्ते पर चलते हुए अडानी और अंबानी की तिजोरी भरने का खेल शुरू कर दिया है। वहीं प्रमोद तिवारी ने भटनी के चुर्री चैराहा पहुंचकर धर्म सम्राट स्वामी करपात्री की प्रतिमा पर स्वयं तथा विधायक मोना की ओर से माल्यार्पण किया। श्री तिवारी ने कहा कि करपात्री जी महराज के धर्म का मूल मर्म विकास तथा सदभाव एवं शांति ही रामपुर खास के मिशन की सदैव मजबूत धरोहर रहेगी। इस मौके पर जिपंस लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, पूर्व प्रमुख पुष्पा, ओमप्रकाश धुरिया, राकेश चतुर्वेदी, अशोक सिंह, राजेश तिवारी बाबा, आशीष उपाध्याय, देवेश शुक्ल आदि रहे।



स्वामी करपात्री जी की स्मृति को नमन करते प्रमोद तिवारी।

## बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक की मौत, दो की हालत गंभीर प्रयागराज रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार की शाम बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर में एक की मौत हो गई। दो लोगों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक का शव पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के कौशिल्या पुर निवासी मुकेश पटेल (19) पुत्र त्रिभुवन व ऋषि (20) पुत्र नन्हे पाल अर्जुनपुर से रानीगंज बाजार की ओर आ रहे थे। सामने से देल्हूपुर निवासी सलमान (23) पुत्र शमशाद व अफसर (22) पुत्र इस्लाम लालगंज की ओर जा रहे थे। दोनों बाइक सवार जैसे ही जगदीश ढाबा के पास पहुँचे की आमने-सामने से जोर दार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार चारों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सूचना पर पहुँची रानीगंज कैथौला चौकी पुलिस ने घायलो को एंबुलेस की मदद से लालगंज सीएचसी भेजवाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। ऋषि को मामूली चोटे होने के कारण उपचार के बाद घर भेज दिया गया था। घटना मे घायल मुकेश पटेल जिला अस्पताल पहुँचने से पहले ही रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। सलमान व अफसर की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल से प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया।वहां अभी भी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# बालकों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है शिविर: डा0 बृजभानु

## पीबीपीजी कालेज में हुआ एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 बृजभानु सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित करके किया गया।

उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डा0 सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर से बालकों का विकास होता है। यह शिविर बालकों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ जीवन निर्माण की दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति करता है। महाविद्यालय के मुख्य नियंता डा0 ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की सशक्त भूमिका है, जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सामुदायिक कार्य, चरित्र निर्माण, सामाजिक समरसता आदि क्षेत्र में सतत विकास होता है। कार्यक्रम में कार्यक्रमाधिकारी डा0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, डा0 कुलदीप सिंह, डा0 प्रणव ओझा, डा0 नीरज त्रिपाठी, डा0 देवेश सिंह, अजीत प्रताप सिंह, आशीष कुमार मालवीय, पवन कुमार सिंह, तकनीकी सहायक के रुप में संकल्प कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।



पीबीपीजी कालेज में आयोजित एनएसएस शिविर में मौजूद छात्र-छात्राएं

## अर्द्धविक्षिप्त पति के गायब होने पर थाने के चक्कर काट रही पत्नी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कबीरपुर गांव की रहने वाली पुष्पा पत्नी कमलेश मंगलवार को पट्टी कोतवाली थाने में पहुंची और अपना दर्द सुनाया। उसने बताया कि वह कबीरपुर गांव की रहने वाली है उसका पति कमलेश अर्ध विक्षिप्त है, जिसका प्रयागराज से दवा चल रही है। महिला ने बताया कि बीते 13 मार्च को दोपहर के समय दुकान से घर जाने की बात कह कर उसका पति दुकान से निकला लेकिन घर पर नहीं पहुंचा। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति काले रंग का टीशर्ट और हरे रंग का लोवर पहने हुए हैं, और उसके पति का मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। पीड़ित महिला ने कोतवाली पुलिस को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करते हुए उसके पति को खोजने की अपील की है।

# होली मिलन से बढ़ता है भाईचारा: सदर विधायक

## रामजानकी मंदिर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** होली रंगों का त्योहार है इसमें सभी गिले-शिकवे भूलकर भाईचारे से एक दूसरे को गुलाल लगाते हुए गले मिलते हैं। यह बातें प्रतापगढ़ सदर सीट से नवनिर्वाचित विधायक राजेंद्र प्रसाद मौर्या ने श्री रामजानकी मंदिर बरहदा में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही।

उन्होंने आयोजक पंकज मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से क्षेत्र में भाईचारे का माहौल बनता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं सच्चा बाबा आश्रम चिलबिला के संत मनोज ब्रह्मचारी ने इसे सनातनी संस्कार का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के आयोजक पंकज मिश्रा ने कहा कि यह आयोजन आपसी मेल मिलाप का एक माध्यम है, इससे हमारी संस्कृति और धर्म को बल मिलता है। कार्यक्रम में भाजपा नेता कृष्णकांत मिश्रा, संतोष मिश्रा, आत्म प्रकाश मिश्रा, श्यामसुंदर ताऊ, धर्मेंद्र दुबे, दीपक पांडेय मौजूद रहे। संचालन अजय पांडेय ने किया।



होली मिलन समारोह में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र प्रसाद मौर्य।

## श्रीमद्भागवत कथा में शिव विवाह का हुआ वर्णन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पाईकगंज बाजार में स्थित माता मईया धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन सोमवार को कथा ब्यास गुरु मां साध्वी अर्चना ने बहुत ही सुंदर ढंग से शिव विवाह की कथा अपने मुखार बिन्दु से वर्णन किया जिसे सुनकर बैठे भक्तगण गदगद हो रहे थे। श्रीमद्भागवत कथा के यजमान गनेश प्रसाद अग्रहरि व धर्म पत्नी संतोषा देबी व समस्त अग्रहरि परिवार व आस पास के लोग शामिल रहे।

## सुतली बम के दग जाने से स्वामी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के कालाकांकर महावीरन सिधेस्वराश्रम में सोमवार की देर शाम बन्दर की झुंड को भगाने के चक्कर मे स्वामी के हाथ में अचानक सुतली बम के बिस्फोट हो जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको आश्रम के भक्त लोग उपचार के लिए प्रयागराज ले गए। आश्रम के अंदर रह रहे स्वामी जी के सेवको ने बताया कि आश्रम में बंदरों को बड़ा झुंड रहता है जिसे भगाने के बिजली पावर हाउस के सामने पटाखा विक्रेता से बंदरों को भगाने के लिए पटाखा खरीदा गया, जिसे सोमवार की स्वामी जी दगाने के लिए जा रहे थे कि अचानक हाथ मे बम जोरदार आवाज के साथ दग गया जिसमें स्वामी जी गम्भीर रुप से घायल हो गए।

## घर में घुसकर हुई मारपीट में रिपोर्ट दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के झुकवारा गाव के पासिन का पुरवा में पैसे के लेन देन के विवाद को लेकर घर मे घुसकर मारपीट होने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के बताए अनुसार उक्त गाव निवासी आशीष कुमार के घर मे घुसकर सोमवार की रात लगभग नौ बजे गांव के चार लोगों ने आशीष को पैसे के मामले में गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा से मारपीट करते हुए तोड़ फोड़ किया विरोध करने पर परिजनों को भी मारा पीटा। तहरीर मिलने पर पुलिस ने चारों आरोपीगण को मारपीट की विभिन्न धाराओं के साथ 308 की धारा में मुकदमा दर्ज करते हुए घायल को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर भेजा जहॉ चिकित्सको ने जिला मुख्यालय के लिए रिफर कर दिया। उधर ग्रामीण में रात की घटना को लेकर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई एकपक्षीय के इशारे पर करने का आरोप लगा रहे हैं।

## अवैध कब्जे से परेशान ग्राम प्रधान ने एसडीएम को लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ग्राम सभा की जमीन पर अब ग्राम प्रधान की बात भी आरोपी दबंग नहीं मार रहे हैं और प्रधान द्वारा मना करने पर धमकी देकर फर्जी मुकदमे में फंसाने की बात कह रहे हैं। पहले तो प्रधान ने दबंगों को ऐसा करने से मना किया लेकिन जब वे नहीं माने तो मजबूर होकर उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर उसने मामले में दखलअंदाजी करने की मांग की है। पट्टी तहसील क्षेत्र के तरदहा गांव के प्रधान हरिभूषण ओझा है। मंगलवार को वह पट्टी तहसील पहुंचे उन्होंने शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी पट्टी को देकर आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ग्राम सभा की जमीन पर जबरन कब्जा करने के लिए उस पर पिलर गाड़ रहा है। ग्राम सभा की जमीन बताकर उसे रोका जाता है तो वह अपने बेटे के उच्च पद होने की धमकी देता है और कहता है कि उच्च अधिकारियों से पकड़ होने कारण जो रोकेगा उसे फर्जी मुकदमा दिया जाएगा, और थाने में बंद करा दिया जाएगा। लाचार प्रधान मंगलवार को उप जिलाधिकारी पट्टी को शिकायती पत्र देकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए सरकारी जमीन को खाली करवाए जाने की मांग की है।

# विश्व जल दिवस पर हुई गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** दिव्य ज्योति सेवा संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ विश्व जल दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन गढ़ीमानिकपुर में किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी में आये हुए नागरिकों को सम्बोधित करते हुए दिव्य ज्योति सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि एक समय था जब हर जगह कुएं, तालाब, नहर और नदियॉं दिखाई देती थीं, लेकिन अब पानी का स्तर धीरे-धीरे कम होता जा रहा है, जिससे दुनियाभर में जल संकट गहराता जा रहा है। इस अवसर पर विषेश रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अमित बरनवाल ने कहा कि पृथ्वी के अवश्यक तत्वों में से एक जल जीवन की प्रमुख आवष्यकता है, इसके बिना सभी जीवित प्राणी और पौधे समाप्त हो जाते हैं। इस अवसर पर डॉ अमित वरनवाल, मनीष सिंह, प्रखर शर्मा, रविशंकर, लवकुश, जीशान अहमद, तेजप्रताप आदि लोगों ने सहभागिता की।





विश्व जल दिवस पर मौजूद संस्थान के पदाधिकारी।

## हेडमास्टर की विदाई, भावुक हुये शिक्षक

### संविलियन विद्यालय जोगापुर में विदाई समारोह में स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संविलियन विद्यालय जोगापुर स्कूल की इंचार्ज कौशिल्या यादव को रिटायरमेंट पर स्कूल में सोमवार को हुये विदाई सम्मान समारोह में शिक्षकों ने उपहार और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। ये ऐसा पल था कि स्टाफ भावुक हो गया। उन्हें सजल नेत्रों से विदाई दी गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता टीचर उमा मिश्रा ने की। संचालन टीचर राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन से हुई। मुख्य अतिथि रिटायर सीओ दान बहादुर यादव ने दीप प्रज्वलित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी भी रिटायर नहीं होता है। टीचर लक्ष्मी पटेल, मनोरमा पाल और अनामिका तिवारी ने भी अपने विचार रखे। कौशिल्या यादव ने कहा कि उन्हें स्टाफ का भरपूर सहयोग मिला। दान बहादुर और कौशिल्या यादव को अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। ट्राली बैग, रामचरित मानस, सूटकेस, कपड़ें, छाता, घड़ी समेत कई उपहार टीचरों ने भेंट किये। कार्यक्रम में किरन श्रीवास्तव, विनोद कुमार, आशीष शुक्ला, सीमा शुक्ला, रीना सिंह, ममता वर्मा, बुशरा समेत समस्त स्टाफ मौजूद था।

# चोरी की 32 मोबाइल फोन के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

## स्कूल व कालेजों के पास खड़ी मोटरसाइकिलों से चुराते थे मोबाइल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु निरन्तर दिये जा रहे निर्देश में क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 गिरीशधर दूबे मय हमराह द्वारा थानाक्षेत्र पीबी डिग्री कालेज, प्रतापगढ़ से दो व्यक्तियों, जिनके द्वारा पीबी डिग्री कालेज परिसर में खड़ी मोटर साइकिलों के डिग्गी में से मोबाइल आदि चुराने का प्रयास किया जा रहा था, को गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 32 अदद चोरी के मोबाइल फोन बरामद किये गये।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल सिंह पुत्र छोटे लाल सिंह नि0 पुरैली थाना मांधाता व विजय प्रताप सिंह उर्फ हनुमान पुत्र सुरेश बहादुर सिंह नि0 ग्राम विक्रमपुर थाना को0नगर शामिल रहे। इनके पास से 32 अदद चोरी के मोबाइल फोन विभिन्न कम्पनियो के (अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपये) व एक अदद मोटर साइकिल घटनाओं में प्रयुक्त बरामद की गई। पुलिस द्वारा की गयी पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग स्कूलों व कालेजों में परीक्षा के दिन पहुंचते है और परिक्षार्थी जब अपने मोबाइल फोन आदि को अपनी मोटर साइकिलों की डिग्गी में रखकर परीक्षा देने जाते हैं तब हम लोग परिक्षार्थियों की खड़ी मोटर साइकिलों में से उनका मोबाइल चुरा लेते हैं। हम लोग मोबाइल फोन को चुराकर उसका सिम निकालकर फेंक देतें हैं और चुराये हुए मोबाइल को अपने एक अन्य साथी की मदद से अलग-अलग व्यक्तियों को बेच देतें हैं।

## होमगार्ड ने युवक को रास्ते मे पीटा, शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के अशोकपुर पूरेसुखचैन गांव का रहने वाला शैलेश कुमार पांडे मंगलवार को पट्टी कोतवाली पहुंचा और क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सोमवार की रात लगभग दस बजे वह अपने घर जा रहा था तभी थाने में तैनात एक होमगार्ड उससे रास्ते में मिल गया और युवक को रोककर उसे भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। पीड़ित ने जब इसका विरोध करना शुरू किया तो वह उसे लात-घूसों से जमकर मारा पीटा, जिससे उसके हाथ और मुंह में काफी चोट आई।

# त्रिपिटक संगायन समिति ने डा0 दयाराम मौर्य को बनाया अध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार व बौद्ध चिन्तक डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न को अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है।

ज्ञातव्य है कि उक्त आयोजन अंतर्राष्ट्रीय त्रिपिटक परिषद के स्वीकृत व अनुमोदन पर आगामी 05 व 06 अप्रैल 2022 को दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय आयोजन लखनऊ में आयोजित किया जाना है जिसमें लगभग 11 देशों देशों को विद्वान बौद्ध भिक्षु प्रतिभाग करेंगे।

उक्त जानकारी राकेश कन्नौजिया ने सृजना कुटीर पर आयोजित बैठक में दी। बैठक में उमेश चन्द्र, राम सजीवन बब्बू, दिनेश कुमार, आनन्द मोहन ओझा, अनिल कुमार निलय, वेद प्रकाश, बहन लीलावती, सी0 पी0 राव, मनीष रंजन, शिवेश शुक्ल, संजय कुमार, राजीव आर्य, गया प्रसाद स्वावलंबी, अवधेश सरोज, श्रीनाथ मौर्य, सुरेंद्र विमल व राहुल देव आदि रहे।



डा0 दयाराम मौर्य रत्न।

# घर के सौ मीटर दूर पेड़ से लटकता मिला किशोर का शव

## घर में मचा कोहराम, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मंगलवार की सुबह पट्टी में एक किशोर का शव उसके घर से सौ मीटर दूर एक आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। ग्रामीणों ने देखा तो भौचक्के रह गए। उन्होंने तुरंत युवक के परिजनों को सूचना दी। उसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सदहा दरिया गांव के रहने वाले बृजेश कुमार पांडे अपना एक निजी विद्यालय चलाते हैं। इनके दो बेटे साहिल और बलभद्र में साहिल सबसे बड़ा था।

गांव वालों की माने तो साहिल नशे का आदी था, जिससे परिजन हमेशा परेशान रहते थे। इसी कारण उसकी पढ़ाई लिखाई भी छूट चुकी थी। कुछ दिन पहले उसने एक दुकान से पुरानी मोबाइल खरीदा था। दो दिन पहले उसी मोबाइल को क्राइम ब्रांच ने सर्विलांस पर लिया तो उसके पिता बृजेश के पास प्रतापगढ़ से फोन आया कि चोरी का मोबाइल आपका बेटा चलाता है, जिससे परिजन परेशान हो गए और साहिल को बहुत बुरा भला कहा। इससे वह दुखी हो गया। सोमवार की शाम को साहिल अपने पड़ोसी को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने के लिए गया। सोमवार देर रात एक बजे वह घर वापस लौटा। लोगों का मानना है कि रात करीब दो बजे वह घर से थोड़ी दूर लगभग सौ मीटर दूर एक आम के पेड़ से चारपाई में लगाए जाने वाले पट्टे को गले में लगा कर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह ग्रामीण उधर गुजरे तो उसकी लटकती हुई लाश देखकर उसके परिजनों को सूचना दिया। परिजन वहां पहुंचे तो रोने-बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाकर पंचनामा कर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही किशोर की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## खबर संक्षेप

### अलग-अलग थाना पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त रमेश चन्द्र पाल पुत्र रामलखन पाल निवासी बारा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त फूल चन्द्र पुत्र सुग्गन पासी निवासी नवाबगंज देवरी थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चक किया गया, जिनमें 147 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 02 वाहनों का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# अज्ञात युवक का मिला रक्त रंजित शव

## ससुर खदेरी नदी पुल के पास मिला शव पुलिस मामले की छानबीन में जुटी

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा के समीप ससुर खदेरी नदी पुल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे एक अज्ञात युवक का रक्त रंजित शव मिला है। ससुर खदेरी नदी पुल के पास शव पड़ा होने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी मच गयी युवक की उम्र तकरीबन 25 वर्ष रही होगी युवक के हाथ और सीने सहित शरीर मे तमाम चोट के निशान भी दिख रहे थे शरीर मे चद्दर भी लिपटा था मृतक का शव जहां पड़ा था वहां ज्यादा खून भी नही बिखरा था हत्यारे कही दूसरी जगह हत्या कर सुनसान स्थान देखकर शव फेंक कर फरार हुए थे ऐसा प्रतीत हो रहा है पुलिस का कहना है कि रास्ता वनवे होने के कारण यह स्पस्ट नही हो रहा कि हत्यारे शव ठिकाने लगाने प्रयागराज की तरफ से आये थे कि कानपुर की तरफ से आए थे सूचना पर अझुवा चौकी पुलिस मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांचकर शिनाख्त करवाने का तमाम प्रयास किया किंतु खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं चचाओं पर जाएं तो शव किसी ट्रक के खलासी -ड्राइवर का भी हो सकता है।



अज्ञात लाश को कब्जे में लेती पुलिस

### पीएम भेजने तक पुलिस का काम सीमित

**कौशांबी।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आए दिन रेलवे लाइन के किनारे सड़क के किनारे झाड़ी तालाब में लावारिस लाश मिलती है स्थानीय थाना पुलिस लावारिस लाश को पोस्टमार्टम भेजकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है पूर्व में भी तमाम अज्ञात लाश कोखराज सैनी पूरामुफ्ती सराय अकिल चरवा आदि थाना क्षेत्रों में मिल चुकी है लेकिन तमाम अज्ञात लाश का खुलासा वर्षों बाद भी थाना पुलिस नहीं कर सकी है आखिर अज्ञात लाश कौशांबी सीमा क्षेत्र में लाकर फेंकने वाले कौन हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगने के बाद अज्ञात लाश सड़क किनारे रेलवे स्टेशन पर फेंक कर अपराधी कैसे गायब हो जाते हैं यह पुलिसिया व्यवस्था पर बड़ा सवाल है कहीं थाना पुलिस का अज्ञात लाशों के हत्यारों से गहरी सांठगांठ तो नहीं है यह बड़ी जांच का विषय है।



बोर्ड परीक्षा की बैठक करते डीएम



बैठक में उपस्थित केंद्र संचालक

# नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाए बोर्ड परीक्षा : जिलाधिकारी

अखंड भारत संदेश

**80 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 42504 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 03 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 04 सचल दल किये गये नियुक्त**

**कौशाम्बी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल/इंटर परीक्षा वर्ष-2022 को नकल विहीन/सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर के सम्राट उदयन सभागार में जिला अधिकारी सुजीत कुमार की अध्यक्षता में केन्द्र व्यवस्थापकों तथा स्टैटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक सम्पन्न हुईबैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाय। सभी सम्बन्धित अधिकारी विशेष सतर्कता बरतें, किसी भी प्रकार लापरवाही न बरती जाय। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी नियमों एवं निदेर्शों का अक्षरशः सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने विद्यालयों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही सभी परीक्षा कक्षों में सी0सी0टी0वी0 की क्रियाशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाईस्कूल/इंटरमीडिएट की परीक्षा दिनांक 24 मार्च 2022 से 12 अप्रैल 2022 तक आयोजित की जायेंगी। जनपद में कुल 80 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु 15 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 03 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 04 सचल दल नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। हाईस्कूल में कुल 23361 परीक्षार्थी एवं इंटर में कुल 19143 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने बताया कि 08 संवेदनशील एवं 06 अति संवदेनशील परीक्षा केन्द्र हैं।

# अनियंत्रित विक्रम चालक से होते हैं हादसे

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जिले की सड़कों पर बेखौफ तरीके से अवैध टेंपो विक्रम दौड़ रही है अवैध विक्रम टेंपो सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण बन चुके हैं स्थानीय थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ कार्यालय द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है बीच सड़क पर वाहन खड़ा करके सवारी भरना और बीच सड़क पर सवारिप उतारना इन अवैध वाहन चालकों का कारनामा बन चुका है जिससे आए दिन हादसे होते हैं इस गंभीर समस्या पर आला अधिकारी भी गंभीर नहीं है मंझनपुर करारी रोड पर मंझनपुर से नारा रोड पर मंझनपुर से हिनौता रोड पर मंझनपुर से भरवारी रोड पर इसी तरह तिल्हापुर मोड़ से चलने वाले वाहन मनौरी बाजार से चलने वाले वाहन चरवा बेरूवा से चलने वाले बिक्रम टेम्पू मूरतगंज चौराहा से चलने वाले विक्रम टेंपो चालकों के अनियंत्रित तरीके से वाहनों के चलाने से दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी है बिना लाइसेंस के चालकों के हाथ में वाहन स्वामियों ने वाहन की स्टेयरिंग सौंप दिया है और पुलिस से लेकर एआरटीओ कार्यालय अनदेखी कर रहा है सूत्रों की माने तो जिम्मेदार द्वारा अधीनस्थों के जरिए महीन वारी वसूल करवा रहे हैं जिससे सब कुछ गलत होने के बाद उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है आखिर अवैध वसूली के दम पर कब तक डग्गामार वाहन सड़कों पर दौड़ते रहेंगे जो दुर्घटना को बढ़ावा देते हैं।




सड़क पर फरार्टा भरता अवैध डग्गामार विक्रम

# नहर की खान्धी फटने से 500 एकड़ फसल जलमग्न

## नहर विभाग के लापरवाह अधिकारियों को निलंबित किए जाने के किसानों ने की मांग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अढौली में नहर की खान्धी फटने से किसानों की 500 बीघे खेती जलमग्न हो गई है 15 दिन पूर्व नहर का पानी खेतों में भर जाने के बाद नहर को बंद कराए जाने की किसानों ने मांग की है लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी नहर का पानी विभाग नहीं बंद करा सका है किसानों ने अपनी बात जनप्रतिनिधियों के पास भी पहुंचाई लेकिन जनप्रतिनिधि भी उदासीन बने हुए हैं जिससे किसानों के सामने समस्याएं खड़ी हो गई है इस समय लगभग सभी फसलें पक कर खेतों में तैयार खड़ी हैं और इन स्थितियों में नहर की खान्धी फट जाने से 500 बीघे खेतों में खड़ी तैयार फसल का नुकसान किसानों को हुआ है जिसकी भरपाई होती नहीं दिख रही है।

इलाके के सैकड़ों किसानों के खेतों में अचानक पानी भर जाने के मामले में नहर विभाग की घोर लापरवाही सामने उजागर हो रही है अब किसानों के सामने इस मुसीबत का समाधान कैसे होगा विभाग के अधिकारी अपने गलतियों पर सुधार करने के बजाए एक दूसरे पर दोषारोपण करने पर लगे हैं विधानसभा चुनाव व्यतीत हो जाने के बाद किसानों के हिमायती बनने वाले जनप्रतिनिधियों ने भी किसानों से किनारा कर लिया है जिससे किसानों के सामने मुसीबत बढ़ती जा रही है।



नहर कट जाने जल मग्न फसल

नहर विभाग के अधिकारियों की बड़ी लापरवाही के चलते इलाके के सैकड़ों किसानों को नुक्सान पहुंचा किसानों का कहना है कि आज 15 दिन से सभी जनप्रतिनिधियों को नहर की खान्धी कट जाने के बाद फसलों के जलमग्न होने की सूचना दी जा रही थी परंतु किसी के कानों में जू नहीं रेंगी है नहर से खेतों में अचानक पानी भर जाने से इलाके के सैकड़ों किसानों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है और उनके सामने 2 जून की रोटी की समस्या उत्पन्न हो सकती है भाजपा नेता गोलू सिंह पटेल ने नहर बंद करने की सूचना विभाग के अधिकारियों को दिया उनका कहना है कि 15 बीघा खेत मे पानी भर जाने से हमारा भी लाखो रुपये का नुकसान हुआ है उनका कहना है कि इस नुकसान की भरपाई कैसे होगी समस्या से कैसे निजात मिलेगा सरकार किसानों के नुकसान की भरपाई कैसे करेगी यह तमाम सवाल योगी सरकार में किसानों के सामने खड़ा है इलाके के किसानों ने नहर विभाग के लापरवाह अधिकारियों को निलंबित करते हुए उन्हें दंडित किए जाने की मांग की है।

# पूरे जिले के सरकारी अस्पतालों से गायब चिकित्सकों पर रोक लगाने में सीएमओ हुए असफल

## बरसों से दो दर्जन अस्पताल हुए वीरान इलाज को तड़प रहे मरीज जिम्मेदार बने धृतराष्ट्र

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** योगी सरकार गरीब मरीजों को सस्ता इलाज उपलब्ध कराने के मकसद से करोड़ों रुपए महीने का वेतन सरकारी अस्पतालों के संचालन में प्रत्येक महीने अवमुक्त कर रही है लेकिन सरकारी अस्पतालों में तैनात चिकित्सक निजी नर्सिंग होम में मशगूल होकर करोड़ों की कमाई में लगे हैं सरकारी अस्पतालों के चिकित्सकों के लगातार गायब रहने के मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी लापरवाह चिकित्सकों की नकेल कसने में असफल साबित हो चुके हैं जिससे जिले के सरकारी अस्पतालों में गरीब कमजोर मजलूम लोगों को इलाज नहीं मिल पाता है दो दर्जन सरकारी अस्पताल जिले में पूरी तरह से बंद जैसे हो गए हैं कभी उन अस्पतालों में वार्ड ब्याय कभी फार्मासिस्ट मिल गया तो बहुत बड़ी उपलब्धि योगी सरकार की होगी बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी चौपट व्यवस्था को नहीं संभाल सके हैं तमाम अस्पतालों में इलाज को पहुंचे मरीजों को स्वास्थ्य कर्मी धक्का देकर भगा देते हैं यह आए दिन का मामला हो गया है आखिर बंद अस्पतालों में करोड़ों रुपए महीने का वेतन भुगतान दिए जाने का क्या औचित्य है इसका जवाब भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी नहीं दे पा रहे हैं वह बार-बार अस्पतालों की व्यवस्था सुधारने की बात बीते 6 महीने से कर रहे हैं लेकिन 6 महीने के बीज अस्पताल की व्यवस्था नहीं खुला रखे हैं सूत्रों की मानें तो सीएमओ के अधीनस्थ बाबू द्वारा बिना ड्यूटी के वेतन अव मुक्त कराने के नाम पर लाखों रुपए की कमीशन खोरी लापरवाह चिकित्सकों से कर रहे है जिससे सरकारी अस्पताल की चौपट व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है। गौरतलब है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय महिला चिकित्सालय चरवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमनी लोकीपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैशकाटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टिकरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनैली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरामुफ्ती प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कादिलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसेन्दा राजकीय महिला चिकित्सालय बैशकांटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेलराहा पश्चिम सहित दोल दर्जन से अधिक सरकारी अस्पताल पूरी तरह से वर्षों से बंद है कुछ अस्पतालों में फार्मासिस्ट कभी-कभी पहुंच जाते हैं और कुछ अस्पतालों में कभी-कभी वार्ड ब्याय मिलते हैं जिससे मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है दो दर्जन अस्पतालों की चौपट व्यवस्था पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी वर्षों बीत जाने के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधार सके हैं सरकारी अस्पतालों में मरीजों को समुचित इलाज मिल जाने की झूठी सूचना प्रत्येक महीने मुख्यमंत्री को सीएमओ भेजकर गुमराह कर रहे हैं चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था पर जिलाधिकारी ने भी चुप्पी साध रखी है जिससे जिले में मरीजों को इलाज नहीं मिल पाता है आखिर योगीराज में कब तक मरीजों को निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए पहुंचना होगा लापरवाह सरकारी चिकित्सकों से लगातार वसूली किए जाने का आरोप मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के एक बाबू पर लग रहा है। चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए मंझनपुर तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैश कांटी और राजकीय महिला चिकित्सालय बैश कांटी का निरीक्षण किया गया तो देखा गया कि वहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी चिकित्सक फार्मासिस्ट वार्ड ब्याय एएनएम स्वीपर मौजूद नहीं है अस्पताल पूरी तरह से लावारिस स्थिति में पड़ा है राजकीय महिला चिकित्सालय बैश कांटी में फार्मासिस्ट दिनेश सूंघ और कुक पुरुषोत्तम लाल मौजूद मिले हैं लेकिन राजकीय महिला चिकित्सालय बैश कांटी भी चिकित्सक मौजूद नहीं है आखिर एक परिसर में दो अस्पताल के बीच एक भी चिकित्सकों का ना मौजूद होना योगी सरकार की व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है बताया जाता है कि इन अस्पतालों में चिकित्सक और फार्मासिस्ट की तैनाती है लेकिन विभागीय उदासीनता के चलते घर बैठे वेतन ले रहे हैं फार्मासिस्ट ने बताया कि पीएचसी का फार्मासिस्ट अर्जुन सिंह को सैंपल में ड्यूटी लगाई गई है आखिर चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक लखनऊ कब पहल करेंगे या फिर चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था पर सीएमओ कार्यालय की अवैध वसूली पर स्वास्थ्य निदेशक भी चुप्पी साधे बैठे रहेंगे इलाके के लोगों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था चौपट करने वाले मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कारनामों की जांच कराते हुए इन्हें सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जाए।




वीरान पड़ा बैश कांटी सरकारी अस्पताल का दृश्य



लेखपाल की विदाई के अवसर पर मौजूद साथी

### लेखपाल को दी गयी भावभीनी विदाई

**चायल कौशाम्बी।** चायल तहसील में राजस्व निरीक्षक और लेखपाल के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें माल्यार्पण कर साथियों ने सासम्मान विदा किया है और उनके कार्यों की प्रशंसा करते हुए सेवानिवृत्त के बाद उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है इस दौरान तमाम राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद है विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि गोरे लाल वर्मा वा भैया लाल निषाद लेखपाल ने पद रह कर चायल तहसील में अपनी सेवा दिया और हमेशा ईमानदारी से अपने कार्यों को बखूबी निभाया विदाई समारोह के अवसर पर एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि गोरे लाल वर्मा राजेश वर्मा जो राजस्व निरीक्षक के पद पर रहकर चायल तहसील में अपना सहयोग दिया और कभी किसी से शिकायत वह किसी से आजकल झगड़ा नहीं हुआ ईमानदारी से अपना कार्य को किया और भैया लाल निषाद लेखपाल भी अपने कार्यों को कभी कोई शिकायत नहीं मिली विदाई समारोह के अवसर पर एसडीएम ने कहा कि सेवानिवृत्त लेखपालों राजस्व निरीक्षकों के कार्यों को नहीं भुलाया जा सकता।

# अढौली गांव में नहर कटने से किसानों की फसलों के हुए नुकसान का सकिपा ने मांगा मुआवजा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने सरसवा ब्लॉक के अढौली गांव में नहर के कटने से किसानों की सैकड़ों बीघा जलमग्न हुई फसलों के नुकसान का सिचाई विभाग और जिला प्रशासन से मुआवजा मांगा है। पार्टी नेता अजय सोनी ने इस मामले में बताया कि नहर विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से नहर कटी है और किसानों के खेतों में पानी भर गया है जिससे किसानों का भारी नुकसान हुआ है। अजय सोनी के मुताबिक सिंचाई विभाग की खाऊ कमाऊ नीति के कारण सिंचाई विभाग के ठेकेदार सिल्ट सफाई के कामों में भारी मनमानी करते हैं और मानक को दरकिनार कर काम करते हैं। सिल्ट सफाई के दौरान नहरों की पटरियों को अच्छी तरह से दुरुस्त नहीं करते जिसके चलते ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। इसके लिए सिंचाई विभाग के अधिकारी जिम्मेदार हैं क्योंकि मौके पर पहुंचे बगैर, सिंचाई विभाग के अधिकारी ठेकेदारों से कमीशन लेकर कामों का भुगतान कर देते हैं जिसकी वजह से अक्सर नहरें कट जाती हैं और किसानों को आए दिन भारी नुकसान होता है। इस सम्बन्ध में समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी ने जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग से मांग किया है कि जिन जिन किसानों की फसलों का जलजमाव से नुकसान हुआ है, उन किसानों को नुकसान की भरपाई के लिए समुचित मुवावजा प्रदान किया जाए। आगे कहा कि जल्द ही इस मामले में समुचित कार्यवाही सुनिश्चित नही की गई और किसानों को समुचित मुवावजा नहीं दिया गया तो समर्थ किसान पार्टी आंदोलन करेगी और किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए सड़क पर उतरेगी।



नहर कटने से किसानों के नुकसान की समर्थ पार्टी ने की मांग

### अलग-अलग थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया तीन वांछित अभियुक्त

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पाइंस पुलिस बल द्वारा वाछित अभियुक्त बबलू उर्फ दिनेश कुमार पुत्र सर पाली उर्फ रामप्रताप निवासी निजामपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त छोटू मौर्य पुत्र दुखी निवासी अडहरा थाना करारी को समदा चौराहे से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।इसी प्रकार थाना कड़ाघाम पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त रवी कुमार पुत्र केशन निवासी सौरई बुजुर्ग थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# वेतन लेता सफाई कर्मी ग्रामीण करते हैं सफाई

## नेवादा ब्लाक के दरहा गांव की दलित बस्ती मे नही हो रही साफ सफाई

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नेवादा बिकास खण्ड के दरहा गाँव की दलित बस्ती में सफाई ब्यवस्था पूरी तरह से चौपट है गांव की नालियां बज बजा रही है बीते एक वर्ष से दलित बस्ती में सफाई नहीं हो सकी है जब नाली गली सड़क पर बहने लगती है तो ग्रामीण नाली की सफाई खुद करके आने जाने का रास्ता बनाते हैं बार-बार शिकायत के बाद भी अधिकारी सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाने में सफल नहीं हो सके हैं आरोप है कि सफाई कर्मी से प्रत्येक महीने पंचायत सेक्रेट्री 3000 रुपए महीने की इस बात की वसूली करता है कि बिना सफाई किये वेतन दिया जाएगा

ग्रामीणों का कहना है कि दरहा गांव में यादव समाज का सफाई कर्मी नियुक्त है और दलित बस्ती में बनी नाली को वह नही साफ करना चाहता पहले बीमारी का बहाना फिर चुनाव डियूटी लगी बता कर सफाई व्यवस्था से किनारा कर चुका है बीते एक वर्ष से सफाई कर्मी दलित बस्ती से गायब रहता है जिससे दलित बस्ती में गंदगी का अंबार लगा हुआ है सफाई कर्मी ने सफाई व्यवस्था चौपट होने के बाद ग्रामीणों की बात सफाई कर्मी ने अब अपने हेड कमलेश कुमार से बात कराया कमलेश कुमार पंचयात का अधिकारी बतकर दरहा गांव के दलित बस्ती के ग्रामीणों से बोले कि अभी इसको टाईम नही है सबकी डियूटी ब्लाक के अंदर सफाई में लगी है और जब समय मिलेगा तो बताएगें।सोचने वाली बात तो यह है कि क्या नेवादा ब्लाक में सफाई कर्मी नही नियुक्त है अगर नियुक्त है तो ब्लाक में गांव के सफाई कर्मी को क्यो बुलाकर ब्लाक को साफ कराया जाता है।दरहा गांव की दलित बस्ती में बीते साल भर से नाली नही साफ की गयी मजबूरी मे जिसके दरवाजा पानी बहने लगता है वह ग्रामीण नाली के पानी को रोकने के लिए खुद सफाई में जुट जाता है साफ सफाई व्यवस्था चौपट होने के बाद भी 1 साल बीत जाने के बाद सफाई कर्मी का वेतन नहीं रोका गया है सब कुछ अंधेरगर्दी में चल रहा है ग्रामीणों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सफाई कर्मियों को बर्खास्त किए जाने की मांग की है।



कैशन गांव में व्याप्त गन्दगी

## संपादकीय

# देश में चिकित्सा शिक्षा में सुधार की जरूरत

**हमारे** देश में जहां चिकित्सा शिक्षा के लिए चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की कमी है, यह शिक्षा भी बहुत महंगी है। यूक्रेन जैसे छोटे से देश में हमारे मुकाबले कहीं अधिक सीटें और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा संस्थान हैं। यूक्रेन में एमबीबीएस, एमडी की शिक्षा का खर्च सभी खर्चों को मिलाकर लगभग 25 से 30 लाख रुपये है, जबकि हमारे देश में यह 60 लाख रुपये से 1.25 करोड़ रुपये के बीच है। यूक्रेन में, केवल चार करोड़ की आबादी वाला एक छोटा सा देश, हमारे लगभग 20,000 छात्र चिकित्सा शिक्षा के लिए जाते हैं। इससे हर छह साल में भारत से यूक्रेन में करीब 4,500 करोड़ रुपये आते हैं। इस राशि से हर साल भारत में 15-20 नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, आदि। हकीकत यह है कि इन छात्रों को वहां प्रवेश के लिए इंडियन मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट (नीट) भी पास करना होता है, यानी इन सभी ने इन एंट्रेंस टेस्ट को पास कर लिया है।. उनकी योग्यता में कोई कमी नहीं है, लेकिन समस्या यह है कि हम यहां जो बड़ी फीस वसूल रहे हैं। न केवल भारी फीस का मुद्दा, बल्कि चिकित्सा शिक्षा संस्थानों में खोलने, चलाने, नामांकन और आगे की पढ़ाई के संबंध में सरकार की नीतियां भी सही नहीं हैं। 1.3 अरब की आबादी वाले हमारे देश में केवल 90,000 सीटों वाले लगभग 600 मेडिकल कॉलेज हैं। इनमें से लगभग आधे मेडिकल कॉलेज और आधी सीटें निजी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों में हैं। निजी मेडिकल कॉलेजों पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, यही वजह है कि वे मेडिकल कोर्स के लिए 85 लाख रुपये से 1.5 करोड़ रुपये के बीच चार्ज कर रहे हैं। मैनेजमेंट कोटा, एनआरआई कोटा, इंस्टीट्यूशन कोटा जैसी विभिन्न श्रेणियों के आरक्षण के साथ सामान्य मेधावी और योग्य छात्रों को अच्छी योग्यता के बावजूद प्रवेश प्रणाली से बाहर कर दिया गया है, जिसके कारण बड़ी संख्या में उच्च रैंकिंग लेकिन गरीब छात्र मजबूर हैं। चिकित्सा शिक्षा का पीछा करते हैं वे विदेश जाने का विकल्प चुनते हैं।

गौरतलब है कि निजी मेडिकल कॉलेजों द्वारा अधिक फीस वसूलने का मामला 1990 से चल रहा है। कई माता-पिता खुद भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट गए। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए, सरकार ने निजी चिकित्सा विश्वविद्यालयों को खोलने और कॉलेजों को डीम्ड विश्वविद्यालयों के रूप में स्थापित करने की भी अनुमति दी। इसने फीस और धन में वृद्धि को पहले से भी बदतर बना दिया और लगभग सरकारी नियंत्रण खो दिया।

मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) को भंग करने के लिए वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा गठित नए चिकित्सा शिक्षा आयोग ने चिकित्सा शुल्क तय करने पर एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया, जिसने पिछले साल नवंबर में अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसने सिफारिश की थी कि निजी मेडिकल कॉलेज नीट मेरिट के अनुसार 50% सीटें भरेंगे, मानद विश्वविद्यालय 25 लाख रुपये वार्षिक शुल्क ले सकेंगे। इन सिफारिशों ने मेडिकल कॉलेज फीस के मुद्दे को और बढ़ा दिया। नतीजतन, हमारे देश में एक मध्यम वर्ग का बच्चा भी चिकित्सा शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता है। ऐसे समय में जब हमारा देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया कोरोना जैसी घातक महामारी से जूझ रही है, चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ अधिक से अधिक डॉक्टरों और अन्य की आवश्यकता को महसूस करते हुए सस्ती चिकित्सा शिक्षा प्रदान करना अनिवार्य है।

# मौत के साये में जीने को मजबूर घुटती जिंदगी

**डॉ उमेश प्रताप**

> भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक संघ की रिपोर्ट में खतरनाक रूप से पता चला है कि 2018-2019 में 28% खाद्य नमूनों में मिलावट थी और ये 2012 से मिलावट दोगुनी थी। बताया जा रहा है कि हर चार में से एक खाना मिलावटी होता है। फूड सेंट्री की रिपोर्ट के आधार पर, 2013 में, 111 देशों से लिए गए 3,400 सत्यापित खाद्य सुरक्षा नमूनों में से 11.1% के साथ भारत को खाद्य उल्लंघनकर्ता के रूप में शीर्ष स्थान दिया गया था। अशुद्ध भोजन 200 से अधिक विभिन्न बीमारियों जैसे दस्त से लेकर कैंसर तक का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, दुनिया भर में, अनुमानित 60 करोड़, लगभग 10 में से 1 व्यक्ति - हर साल अशुद्ध भोजन से बीमार पड़ जाता है, जिसके परिणामस्वरूप 4.2 लाख मौतें होती हैं

**औद्योगिकीकरण**, शहरीकरण, बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर उत्खनन, प्लास्टिक, ईंधन व कागज का अतीउपयोग, बड़े पैमाने पर निर्मित होने वाले ई-वेस्ट और बायो मेडिकल कचरे के व्यवस्थापन की कमी, अन्न की बबादीं, बिजली का दुरुपयोग के कारण प्राकृतिक संतुलन गड़बड़ा गया है। दुनिया भर में बढ़ती घातक बीमारी, मनुष्य की औसत आयु कम होने व वन्यजीव, पक्षियों की आबादी में गिरावट के लिए प्रदूषण योगदान दे रहे हैं। लगातार प्राकृतिक आपदाओं में वृद्धि, ओजोन परत, जलीय-जंतु और पक्षियों दोनों को रासायनिक कचरे और प्लास्टिक से नुकसान हो रहा है। संसाधनों की जरूरत और स्टेटस सिंबल के बिच के अंतर को न समझना मानव जीवन के लिए अत्यधिक घातक साबित हो रहा है।

**वायु प्रदूषण:** स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर रिपोर्ट अनुसार, वायु प्रदूषण अब जल्दी मौत के लिए दुनिया का चौथा प्रमुख जोखिम कारक है। भारत में अनुमानित 12.5 प्रतिशत मौतों का कारण वायु प्रदूषण है। स्टेट ऑफ इंडिया की पर्यावरण रिपोर्ट में पाया गया कि यह हर साल पांच साल से कम उम्र के लगभग 1 लाख बच्चों की जिंदगी छीन लेता है। वायु प्रदूषण से भारत में पैदा हुए बच्चे की औसत जीवन प्रत्याशा कम से कम 1.5 वर्ष कम होने का अनुमान है; 2019 में, इसने 1.16 लाख भारतीय शिशुओं को मार दिया। स्वास्थ्य प्रभाव संस्थान और स्वास्थ्य मैट्रिक्स व मूल्यांकन संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिवर्ष प्रकाशित की जाने वाली रिपोर्ट अनुसार, 2019 में 4.5 मिलियन मौतें बाहरी वायु प्रदूषण के जोखिम से जुड़ी थीं। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश, भारत और चीन, वायु प्रदूषण से बीमारी का सबसे अधिक बोझ उठाना जारी रखते हैं। डब्ल्यूएचओ अनुसार, वैश्विक आबादी के 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसी हवा में सांस ले रहे हैं जो घातक है। समय से पहले होने वाली मौतों में से लगभग 91% निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुई, और सबसे बड़ी संख्या दक्षिण-पूर्व एशिया **और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्रों में हुई।**

**प्लास्टिक कचरा:** प्लास्टिक पुरी तरह से नष्ट होने में 1,000 साल तक लगते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, देश में हर दिन 25,940 टन



प्लास्टिक कचरा पैदा होता है। एक लोडेड ट्रक के बराबर प्लास्टिक कचरा हर मिनट महासागरों में प्रवेश करता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार हर साल 30 करोड़ टन प्लास्टिक का उत्पादन होता है, सभी प्लास्टिक का केवल 9% रिसाइकिल किया जाता है, 12% जला दिया जाता है और शेष 79% लैंडफिल या पर्यावरण में घुल जाता है। दुनिया भर में हर मिनट 20 लाख प्लास्टिक बैग का उपयोग किया जाता है। गार्जियन की रिपोर्ट में पाया गया कि दुनिया भर में हर मिनट 10 लाख प्लास्टिक की बोतल खरीदी जाती हैं। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के शोधकताओं अनुसार, प्लास्टिक कचरा जो दुनिया भर में 1,350 बड़ी नदियों द्वारा महासागरों में छोडा जाता है, उसका 88-95% कचरा एशिया और अफ्रीका के सिर्फ 10 नदियों से आता है। औसतन हर व्यक्ति साल में 70,000 माइक्रो प्लास्टिक खा जाता है। 2018 में उत्पादित 150 मिलियन टन एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक ने 750 मिलियन टन कार्बन बनाया, 100 अरब प्लास्टिक बैगों के निर्माण के लिए 12 मिलियन बैरल तेल की आवश्यकता होती है। भारत का प्लास्टिक कचरा 2015-16 में 15.89 लाख टन था, जो पिछले पांच वर्षों में 21.8 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि के साथ दोगुना से अधिक 2019-20 में 34 लाख टन हो गया है।

**जल प्रदूषण:** डब्ल्यूएचओ अनुसार, 7.85 करोड़ लोगों के पास बुनियादी पेयजल सेवा तक नहीं है, विश्व स्तर पर, कम से कम 2 अरब लोग मल से दूषित पेयजल स्रोत का उपयोग करते हैं। दूषित पानी से पीलिया, हैजा, दस्त, उल्टियां, टाइफाइड, बुखार, चर्म रोग, पेट रोग, आदि रोग होते हैं और इससे हर साल 4.85 लाख डायरिया से होने वाली मौतों का अनुमान है। 2025 तक, दुनिया की आधी आबादी पानी की कमी वाले क्षेत्रों में रह रही होगी, आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट अनुसार, भारत में 2025 तक पानी की मांग में 70% से अधिक की वृद्धि देखी जाएगी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 2018 में भारत में 351 प्रदूषित नदी खंडों की पहचान की है, तेजी से हो रहे शहरीकरण और औद्योगीकरण ने समस्या को अधिक बढ़ा दिया है।

**बायोमेडिकल कचरा:** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अनुसार, भारत कोविड-19 रोगियों की नैदानिक गतिविधियों और उपचार के कारण अब तक प्रतिदिन लगभग 146 टन जैव-चिकित्सा अपशिष्ट उत्पन्न कर रहा था। जून 2020 और 10 मई, 2021 के बीच, भारत ने 45,308 टन कोविड -19 बायोमेडिकल कचरे का उत्पादन किया। भारत ने 2020 में प्रति दिन 677 टन बायोमेडिकल कचरे का उत्पादन किया था, जबकि 2019 में इसने प्रति दिन 619 टन बायोमेडिकल का उत्पादन किया। 2015 में, भारत में उत्पादित बायोमेडिकल 502 टन प्रति दिन था।

**ई-कचरा:** 'ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर' अनुसार, 2019 में दुनिया भर में 5.36 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा उत्पन्न हुआ, जिसमें से केवल 17.4% का ही पुनर्चक्रण किया गया। चीन और अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा भारत देश में ई-कचरा उत्पन्न होता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2019-2020 में 1,014,961 टन ई-कचरा उत्पन्न किया, यह वित्त वर्ष 2018-2019 से 32% अधिक ई-कचरा है। भारत देश साधारणत हर साल 18.5 लाख टन ई-कचरा उत्पन्न करता है।

**वन:** भारत के भू-भाग का 24.4 प्रतिशत हिस्सा वनों और पेड़ों से घिरा है हालांकि यह विश्व के कुल भू-भाग का केवल 2.4 प्रतिशत हिस्सा ही है, भारत में जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति/वर्ग किलोमीटर है और इन पर 17 प्रतिशत मनुष्यों की आबादी व मवेशियों की 18 प्रतिशत संख्या की जरूरतों को पूरा करने का दवाब है। प्रदूषण से हो रही मौतों के मामले में 188 देशों की सूची में भारत पांचवें पायदान पर आता है। दुनिया भर में लगभग 1.60 अरब लोग अपनी आजीविका और दैनिक निर्वाह आवश्यकताओं के लिए जंगलों पर निर्भर हैं। नेचर जर्नल रिपोर्ट का दावा है कि हम हर साल लगभग 15.3 अरब पेड़ खो रहे हैं। प्रतिवर्ष विश्वभर में मात्र 5 अरब पेड़ लगाए जाते हैं। सीधे तौर पर हमें 10 अरब पेड़ों का नुकसान हर साल उठाना पड़ता है। विश्व में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या 422 है जबकि भारत के एक व्यक्ति के हिस्से मात्र 8 पेड़ नसीब होते है।

**मिलावटखोरी व अशुद्ध खाद्य:** भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक संघ की रिपोर्ट में खतरनाक रूप से पता चला है कि 2018-2019 में 28% खाद्य नमूनों में मिलावट थी और ये 2012 से मिलावट दोगुनी थी। बताया जा रहा है कि हर चार में से एक खाना मिलावटी होता है। फूड सेंट्री की रिपोर्ट के आधार पर, 2013 में, 111 देशों से लिए गए 3,400 सत्यापित खाद्य सुरक्षा नमूनों में से 11.1% के साथ भारत को खाद्य उल्लंघनकर्ता के रूप में शीर्ष स्थान दिया गया था। अशुद्ध भोजन 200 से अधिक विभिन्न बीमारियों जैसे दस्त से लेकर कैंसर तक का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, दुनिया भर में, अनुमानित 60 करोड़, लगभग 10 में से 1 व्यक्ति - हर साल अशुद्ध भोजन से बीमार पड़ जाता है, जिसके परिणामस्वरूप 4.2 लाख मौतें होती हैं और 3.3 करोड़ स्वस्थ जीवन वर्ष का नुकसान होता है। दुनिया में हर साल 20 लाख से अधिक लोग, जिनमें से 15 लाख बच्चे हैं, वें दूषित भोजन और दूषित पानी से होने वाले रोग के कारण जान गंवाते हैं; इनमें से, लगभग 7 लाख अकेले दक्षिण एशियाई देशों से होते हैं।

# टीबी उन्मूलन पर देना होगा विशेष ध्यान

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**टीबी** एक संक्रामक बीमारी है। जो संक्रमित लोगों के खांसने, छींकने या थूकने से फैलती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। लेकिन यह शरीर के किसी भी हिस्से में फैल सकती है। इस बीमारी का इलाज तो है बशर्ते लोग नियमित रूप से दवा लें। हर वर्ष 24 मार्च को पूरे विश्व में टीबी दिवस मनाया जाता है। इस दिन टीबी यानि तपेदिक रोग के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। भारत में बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजार रही है। देश में जब तक गरीबी दूर नहीं होगी तब तक टीबी पर पूर्णतया रोक नहीं लग पायेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में स्वास्थ्य सेवा का बड़ा ढांचा कमजोर है और स्वास्थ्य कर्मचारियों की भारी कमी है। इसके अलावा बीमारी का शुरूआती दौर में पता लगने में दिक्कत और सही इलाज का मिलना चुनौती बनी हुई है। विश्व में भारत पर टीबी का बोझ सबसे अधिक है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में टीबी उन्मूलन को प्राथमिकता के तौर पर लिया गया है। इसका उद्देश्य टीबी के नए मामलों में 95 प्रतिशत की कमी करना और टीबी से मृत्यु में 95 प्रतिशत की कमी लाना है। देश में जिन टीबी रोगियों का इलाज चल रहा है उन्हें सरकार द्वारा 500 रुपए प्रतिमाह नगद सहायता के रूप में दिए जा रहें हैं। टी.बी माइक्रोबैक्टीरियम नामक बैक्टीरिया की वजह से होता है। यह बैक्टीरिया फेफड़ों में उत्पन्न होकर उसमें घाव कर देते हैं। यह कीटाणु फेफड़ों, त्वचा, जोड़ों, मेरूदण्ड, कण्ठ, हड्डियों, अंतडियों आदि पर हमला कर सकते हैं। दुनिया में छह-सात करोड़ लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं और हर वर्ष 25 से 30 लाख लोगों की इससे मौत हो जाती है। दुनिया में बीमरियों से मौत के 10 शीर्ष कारणों में टीबी को प्रमुख बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक टीबी रोग रिपोर्ट 2020 जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 के कारण दुनिया भर में टी.बी. से होने वाली मौतों में वृद्धि हो सकती है। भारत में अप्रैल 2020 में लॉकडाउन के समय क्षय रोग के मामलों में 85 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विश्व में टी.बी. के वैश्विक मामलों का 44 प्रतिशत फिलीपींस, इंडोनेशिया और दक्षिण अफ्रीका में है। जबकि भारत, चीन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, फिलीपींस, नाइजीरिया, बांग्लादेश और रूस में टी.बी. के दो-तिहाई मामले दर्ज किये गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट दशार्ती है कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण टीबी के खिलाफ लड़ाई में वर्षों से दर्ज की जा रही प्रगति को एक बड़ा झटका लगा है। एक दशक से ज्यादा समय में पहली बार टीबी से होने वाली मौतों की संख्या में वृद्धि हुई है। हाल ही में जारी रिपोर्ट दशार्ती है कि वर्ष 2019 की तुलना में 2020 में ज्यादा लोगों की मौत हुई है और अपेक्षाकृत कम लोगों में इस बीमारी का पता चल पाया है। रिपोर्ट के अनुसार टीबी के कारण पिछले वर्ष करीब 15 लाख लोगों की मौत हुई थी। इनमें से अधिकतर मौतें मुख्य रूप से उन 30 देशों में हुई हैं जहाँ टीबी एक बड़ी समस्या है। संयुक्त राष्ट्र स्वास्थ्य एजेंसी ने अनुमान जताया है कि टीबी से पीड़ित लोगों और मृतक संख्या 2022 में और भी अधिक होने की आशंका है। 2019 में नए मरीजों की संख्या 71 लाख थी। लेकिन 2020 में 58 लाख नए मरीजों का ही पता चला। संगठन का अनुमान है कि फिलहाल टीबी के 41 लाख मरीज ऐसे हैं। जिन्हें या तो अपनी बीमारी के बारे में जानकारी नहीं है या फिर सरकारी एजेंसियों को इसकी सूचना नहीं है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में रोजाना करीब आठ सौ लोगों की मौत टीबी की वजह से हो जाती है। भारत में टीबी के करीब 10 प्रतिशत मामले बच्चों में हैं। लेकिन इसमें से केवल छह प्रतिशत मामले ही सामने आते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में टीबी के केवल 58 प्रतिशत मामले ही दर्ज होते हैं। एक तिहाई से ज्यादा मामले या तो दर्ज ही नहीं होते हैं या उनका इलाज नहीं हो पाता है। इसका बड़ा कारण यह है कि गैर सरकारी सेक्टर के अस्पतालों में टीबी को दर्ज किए जाने का अब तक कोई सिस्टम नहीं बना पाना है। संगठन का ऐसा अनुमान है कि ऐसे तकरीबन दस लाख और टीबी मरीज देश में है जिन्हें पहचाना ही नहीं जा सका है। इसलिए माना यह जाना चाहिए कि हम 2025 तक टीबी को जड़ से मिटा देने की बात कर रहे हैं मगर वह इतना आसान नही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि भारत टीबी से निपटने को लेकर गंभीर नहीं है। अपनी ग्लोबल टीबी रिपोर्ट में उसने हमारे आंकड़ों पर भी सवाल उठाया है। उसके मुताबिक भारत ने टीबी के जितने मामले बताए हैं।

## विचार

# शहीदों के बलिदान को अनंत काल तक याद करेगा कृतज्ञ राष्ट्र

**संजीव ठाकुर**

**अपनी** जन्मभूमि और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव प्रसाद को अनंत काल तक कृतज्ञ देश याद करता रहेगा' उनके बलिदान को देश का युवा वर्ग आज भी अनुकरणीय मानकर उन्हें अपना आदर्श मानता है' महान शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव प्रसाद को अंग्रेजी सल्तनत ने 23 मार्च1930 को फांसी की सजा देकर यह सोचा था कि उन्हें खत्म कर दिया गया है पर उन्हें शायद नहीं मालूम था कि भारत के करोड़ों युवा और जनमानस ने उन्हें अपने दिल में बसा कर स्वतंत्रता संग्राम के यज्ञ की वेदी पर दोगुने जोश से अपना बलिदान देने सामने आ गए थे। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव प्रसाद जैसे अनेक युवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मन में देश के प्रति अगाध श्रद्धा ,भक्ति अंदर तक समाई हुई थी और देश के लिए अपने प्राण निछावर करने से वे पीछे भी नहीं हटे। ऐसे में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की फेहरिस्त में इन शहीदों का नाम पता है प्रथम पंक्ति में आता है।जिसने देश के युवाओं में जोश भर कर अपना सर्वस्व त्यागने की भावनाओं को बलवती बना दिया था। 27 सितंबर 1907 को पंजाब के जिला लायलपुर के गांव बंगा में शहीद भगत सिंह का जन्म हुआ था। शहीद भगत सिंह अपने युवा काल में ही देश के युवाओं के प्रेरणा स्रोत बन चुके थे। भगत सिंह के पिता सरदार किशन सिंह, चाचा सरदार अजीत सिंह , स्वर्ण सिंह अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई के कारण जेल में बंद थे। उनकी दादी ने उनका नाम भगत सिंह रखा था। 1919 में अमृतसर के जलियांवाला बाग हत्याकांड में हजारों निर्दोष भारतीय मारे गए थे, इस नरसंहार की निंदा पूरे देश में की गई थी। इस नरसंहार का समाचार सुनकर भगत सिंह लाहौर से अमृतसर पहुंचे और अमृतसर की मिट्टी को एक बोतल में बंद कर अपने साथ रख लिया ताकि उन्हें याद रह कि देश के इस अपमान का बदला उन्हें अत्याचारी अंग्रेजी सेना से लेना है। 1920 में जब महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन की घोषणा की तब भगत सिंह ने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और देश के संता संग्राम में कूद गए। लाला लाजपत राय ने लाहौर में जब में कॉलेज की स्थापना की तो भगत सिंह उस में दाखिल हो गए, इसी कॉलेज में यह यशपाल, सुखदेव, तीर्थ राम ,झंडा सिंह जैसे क्रांतिकारियों से संपर्क में आए। उन्होंने अपनी आत्मकथा 'डोर टू डेथ' ' 'आइडियल ऑफ सोशलिज्म' 'स्वाधीनता की लड़ाई में पंजाब का पहला उभार'तथा 'मैं नास्तिक क्यों हूं' नामक प्रसिद्ध कृतियों की रचना भी की थी। साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय के नेतृत्व में एक बड़ा जुलूस निकाला गया,तब वहां के सहायक अधीक्षक सांडर्स ने भीड़ पर लाठीचार्ज करवा दिया और लाठीचार्ज में लाला लाजपत राय बहुत ज्यादा के घायल होने से 17 नवंबर 2 1928 में उनकी मृत्यु हो गई। भगत सिंह ने लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेने के लिए अपने साथियों राजगुरु, सुखदेव तथा चंद्र शेखर आजाद के साथ मिलकर सांडर्स को मारने की एक योजना बनाई और योजना के तहत सब ने मिलकर सांडर्स की हत्या कर दी। इस घटना ने शहीद भगत सिंह को पूरे देश में युवा क्रांति के नायक के रूप में मशहूर कर दिया।

इस इस संपूर्ण गतिविधि में शहीद भगत सिंह के सहायक बने बटुकेश्वर दत्त को सेशन जज ने भारतीय दंड संहिता 307 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत आजीवन कैद की सजा सुनाई। इसके बाद भी अंग्रेजी हुकूमत भगत सिंह को लगातार फसाने की कोशिश करती रही। अदालत की कार्रवाई लंबी चलती रही और 7 अक्टूबर 1930 को दिए गए निर्णय में भगत सिंह सुखदेव तथा राजगुरु को फांसी की सजा सुनिश्चित की गई। इस तरह की खबर सुनते ही ही पूरे देश में क्रांति की अनोखी लहर पैदा हुए और इस क्रांति की लहर से अंग्रेज सरकार डर गई। शहीद भगत सिंह और राजगुरु तथा सुखदेव प्रसाद को फांसी की सजा 24 मार्च को नियत की गई थी पर अंग्रेजों ने डरकर इससे पहले ही 23 मार्च को सायंकाल 7:33 बजे उन्हें फांसी दे दी गई। फांसी देने के बाद अंधेरे में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया और इस फांसी के बाद शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव अमर वीर स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव प्रसाद के रूप में कृतज्ञ राष्ट्र द्वारा याद किए जाते रहे हैं।

# रामलाल की कोर्ट महाभारत

**रामविलास जांगिड़**

**जंबूद्वीप** आर्यव्रत्ते उत्तर खंडे राजधानी इंद्रप्रस्थ के प्रस्थान कोर्ट से एक मामला सुनने को मिला है। जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर के आचार्य पार्क में रहने वाले जिनका नाम युधिष्ठिर है। वह कोर्ट कचहरी के चक्कर लगा कर परेशान हो गया। इसके बाद चलती सुनवाई के दौरान उसे अपने गुस्से पर काबू नहीं रहा। उसने बाल्यकाल में सनी देओल की मशहूर फिल्म का तारीख पर तारीख वाला डायलॉग सीख लिया था। वह तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख, बोलते बोलते कोर्ट के रूम में ही तोड़फोड़ करने लगा। अचानक से वादी की इस हरकत से परेशान होकर कोर्ट का स्टाफ डर गया। जज महोदय तक को अपनी टेबल के नीचे घुसना पड़ा। पुलिस के बंधु-बांधव यहां-वहां भागने लगे। वकील भाई जान अपनी जान बचाने के लिए दीवारें फांद गए। उनके भाई भीमसेन,

> बताया जा रहा है कि कुर्सी दरवाजों के साथ ही वादी ने कंप्यूटर सिस्टम, कोरोना से बचने के लिए बनाई गई स्पेशल पारदर्शी स्क्रीन, लाइट और पंखे को भी नुकसान पहुंचाया

अर्जुन, नकुल, सहदेव आदि कुछ समझ पाते; इसके पहले ही वादी कुर्सी और दरवाजों अपना गधा चलाने लगा। अब तक बकबक चैनल के रिपोर्टर ने ग्राउंड जीरो से बताया कि युधिष्ठिर लगातार कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाकर परेशान हो गया था। वादी के परिवार जनों का कहना था कि उनकी आर्थिक स्थिति कुछ खास अच्छी नहीं है। दुर्योधन ने धोखे से उनके सारे महल, हाथी-घोड़े और राज-पाठ सब छीन लिए थे। इसके बावजूद दुर्योधन उससे और धन-माल की मांग करने लगा था। न्याय के लिए युधिष्ठिर ने न्यायालय में एक वाद दायर किया था। न्याय की आस में वह 400 वर्षों से कोर्ट के चक्कर काट रहा था। ऐसे में बार-बार कोर्ट बुलाए जाने के कारण वादी की मानसिक स्थिति पर असर पड़ा।

इन्हीं कारणों से परेशान होकर वादी ने कोर्ट में तोड़फोड़ की। बताया जा रहा है कि कुर्सी दरवाजों के साथ ही वादी ने कंप्यूटर सिस्टम, कोरोना से बचने के लिए बनाई गई स्पेशल पारदर्शी स्क्रीन, लाइट और पंखे को भी नुकसान पहुंचाया। तोड़फोड़ की सूचना कोर्ट स्टाफ ने तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन को दी। लेकिन पुलिस मौके पर नहीं पहुंच पाई। बताया जाता है कि युधिष्ठिर को फांसने के लिए दुर्योधन ने पुलिस को खरीद लिया था। पुलिस नहीं पहुंच सके ताकि वह और ज्यादा गुस्सा करे और वह तोड़फोड़ के आरोप में फिर से जेल जा सके। आखिर में जब पुलिस मौका ए वारदात पहुंची, तब तक वादी ने कोर्ट रूम में जमकर तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने कोर्ट रूम के आसपास वादी को ढूंढ़ने की खूब कोशिश की। लेकिन वादी पहले ही वहां से फरार हो चुका था। इसके बाद पुलिस ने स्टाफ कर्मियों की मदद से आरोपी द्वारा तोड़फोड़ की गई सामग्रियों की लिस्ट बनाई और...!

तभी अचानक रामलाल का सपना टूट गया। वह पसीने-पसीने हो गया। अपनी झोपड़ी से बाहर निकलकर उसने देखा कि पास ही दो गधे हंस रहे थे। असल में रामलाल के पर-परदादा ने कोर्ट में एक केस लगा रखा था। उसकी एक बीघा जमीन पर बाहुबली का राज था। बस इसी सिलसिले में वह रोज कोर्ट जाता और घर आ जाता था। पांचवी पीढ़ी में शायद उसे न्याय का इंतजार था! उसने टीवी पर आज कहीं महाभारत देख ली थी! बेचारा रामलाल!

# परंपरागत जलस्रोतों को नष्ट होने से बचाना

**विजय गर्ग**

अपनी जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मनुष्य आज भी या तो प्रकृति पर निर्भर है या भूजल पर। ऐसे में जरूरी है कि हम प्राकृतिक जल भंडारण के स्रोतों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील होते। लेकिन हमने परंपरागत जल स्रोतों के साथ बहुत सौतेला और स्वार्थ भरा बर्ताव किया। पुराने तालाबों, कुंओं, झीलों, बावड़ियों और कुंडों को उपेक्षित छोड़ दिया। नदियों को प्रदूषित कर दिया। इस बार संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस की विषय वस्तु के रूप में भूगर्भीय जल को चुना है। यानी इस वर्ष दुनिया भर में भूगर्भीय जल को बचाने और उसका स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय करने के संदर्भ में लोगों को जागरूक बनाने के प्रयास किए जाएंगे। यह महत्त्वपूर्ण है कि भूगर्भीय जल पृथ्वी पर मानव जीवन की जरूरतों का सबसे बड़ा सहारा है। ब बरसाती बादल किसी कारण से रूठ जाते हैं तो भूगर्भीय जल ही मानव की जरूरतों को पूरा करता है। दुर्भाग्य से दुनिया में आधुनिक जीवनशैली ने भूगर्भीय जल के दोहन को तो बेलगाम तरीके से बढ़ा दिया है, लेकिन उन तमाम जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति भी उदासीन कर दिया है जो भूगर्भीय जल का स्तर बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। भारत में तो इस संदर्भ में कुंओं, तालाबों और जोहड़ों का विशेष योगदान था, जो वर्षा जल संग्रहित करके रखते थे और इस तरह इलाके के भूगर्भ जल स्तर को बनाए रखने में मदद करते थे।राजस्थान के मरुस्थलीय इलाकों में इतने गहरे कुंए पाए जाते हैं कि उन्हें पातालतोड़ कुंआ कहा जाता है। दुर्भाग्य से जिन इलाकों में नलों के माध्यम से पानी पहुंच गया, वहां नागरिक और प्रशासन दोनों प्राचीन जल संसाधनों के संरक्षण के प्रति उदासीन हो गए। रही-सही कसर पूरी कर दी बिना नियंत्रण के खुदते नलकूपों ने, जो धरती के अंदर का पानी तो बाहर उलीच देते हैं, लेकिन धरती के अंदर पानी का स्तर बचाए रखने में कोई भूमिका नहीं निभा पाते।

## मैचों के दौरान खिलाड़ियों की भूमिका पर बात कर रहे हैं : पंत

**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि टीम प्रबंधन इंडियन प्रीमियर लीग के मैचों के दौरान विभिन्न खिलाड़ियों की भूमिका पर बातचीत कर रहा है।आईपीएल 15 शनिवार से शुरू हो रहा है जिसमें पहला मैच गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम पर होगा। पंत दूसरी बार दिल्ली की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम का प्रत्येक सदस्य आत्मविश्वास से ओतप्रोत है। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा ,'' फिलहाल हम नेट सत्र के दौरान नये खिलाड़ियों की जरूरतों को समझने की कोशिश कर रहे हैं। हम इस पर बात कर रहे हैं कि मैचों के दौरान सभी की भूमिका क्या होगी। किस तरह का टीम माहौल बनाया जायेगा।'' जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की दिल्ली कैपिटल्स टीम ने कई नये खिलाड़ियों को चुना है। कप्तान पंत ने पहले अभ्यास सत्र में भाग लिया।



मुख्य कोच रिकी पोंटिंग के साथ काम करने के बारे में उन्होंने कहा ,'' रिकी पोंटिंग से मिलना हमेशा खास होता है। जब भी मैं उनसे मिलता हूं तो लगता है कि परिवार के किसी सदस्य से मिल रहा हूं। वह हर खिलाड़ी में ऊर्जा भर देते हैं। हर कोई उनसे प्रेरणा लेता है और उन्हें सुनने को बेताब रहता है।

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम से जुड़े विराट कोहली

**मुंबई।** आईपीएल 2022 के शुरू होने में अब बस कुछ ही दिनों का वक्त रह गया है। लगभग सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी फ्रेंचाइजी से जुड़ गए हैं, लेकिन सोमवार दोपहर तक विराट कोहली के फ्रेंचाइजी से जुड़ने की कोई खबर नहीं थी। हालांकि, शाम होते-होते कोहली ने अपने फैन्स को खुश होने का मौका दे दिया।

विराट कोहली मुंबई में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर फ्रेंचाइजी से जुड़ गए। 2013 से लेकर 2021 तक इस टीम की कप्तानी करने के बाद कोहली इस साल सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल खेलते दिखेंगे। इस साल फाफ डुप्लेसिस रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी संभालेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने भी कोहली का ग्रैंड वेलकम किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर कैप्शन में लिखा- 'किंग कोहली पहुंच चुके हैं।' बैंगलोर की टीम कभी आईपीएल नहीं जीती है और डुप्लेसिस पर टीम को चैंपियन बनाने का दारोमदार होगा। टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 मार्च को पंजाब किंग्स के खिलाफ करेगी।





पिछले सीजन बैंगलोर प्लेऑफ में पहुंचने में तो कामयाब रही थी, लेकिन उससे आगे नहीं बढ़ पाई थी। कोहली, ग्लेन मैक्सवेल और मोहम्मद सिराज को फ्रेंचाइजी ने मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया था। आईपीएल 2022 की शुरुआत 26 मार्च से होने जा रही है। 15वें सीजन के पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम आमने-सामने होगी।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीमः** विराट कोहली, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, फाफ डुप्लेसिस, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक, जोश हेजलवुड, शाहबाज अहमद, अनुज रावत, आकाश दीप, महिपाल लोमरोर, फिन एलन, शेरफेन रदरफोर्ड , जेसन बेहरेनडॉर्फ, सुयश प्रभुदेसाई, चामा मिलिंद, अनीश्वर गौतम, कर्ण शर्मा, सिद्धार्थ कौल, लवनिथ सिसोदिया, डेविड विली।

## आईपीएल को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का खराब रवैया

**ढाका।** आईपीएल की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाएंट्स की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले उसके स्टार तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल हो गए और अब उनकी जगह संभावित नामों में सबसे आगे तस्कीन अहमद को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) एनओसी नहीं दे रहा। उसने को कहा कि तस्कीन को आईपीएल में भाग लेने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं दिया जाएगा।

## टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में लौटना चाहेंगी पीवी सिंधु, श्रीकांत पर भी मेडल दिलाने का दारोमदार

**नई दिल्ली।** ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के रनरअप रहे भारत के लक्ष्य सेन स्विस ओपन में नहीं खेलने का फैसला लिया है। ऐसे में स्विस ओपन में अब भारतीय चुनौती किदांबी श्रीकांत, बी साई प्रणीत, पीवी सिंधू, साइना नेहवाल, सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी, त्रिशा जौली-गायत्री गोपीचंद के भरोसे रहेगी। स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है। टूर्नामेंट में दूसरी वरीय सिंधू पहले दौर में डेनमार्क की



लिन जार्र्सफेल्ड्ट, साइना सातवीं वरीय चीन की वांग झी यी, साई प्रणीत साथी एचएस प्रणय खेलेंगे। स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है। टूर्नामेंट में दूसरी वरीय सिंधू पहले दौर में डेनमार्क की लिन जार्र्सफेल्ड्ट, साइना सातवीं वरीय चीन की वांग झी यी, साई प्रणीत साथी एचएस प्रणय खेलेंगे।

सिंधू और साइना दोनों ही जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में दूसरे राउंड में हारकर बाहर हो गए थे। वहीं, श्रीकांत जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे थे। ऐसे में ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में वापसी करना चाहेंगे।

## मोहम्मद रिजवान, साजिद खान और मार्नस लाबुशेन ने की स्टीव स्मिथ की नकल

**कराची।** ऑस्ट्रेलियाई टीम फिलहाल पाकिस्तान के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के पहले दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। वहीं, तीसरे और आखिरी टेस्ट का आज से लाहौर में आगाज हो चुका है। मैच के पहले दिन पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और साजिद खान और ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन स्टीव स्मिथ का मजाक उड़ाते देखे गए। खेल शुरू होने से कुछ घंटे पहले ये तीनों खिलाड़ी एकदूसरे से खूब बातचीत करते दिखे। इस दौरान रिजवान और साजिद ने स्मिथ की नकल करने की कोशिश की। वहीं, लाबुशेन उन्हें ऐसा करते हुए देखते रहे।रिजवान और साजिद स्मिथ के क्लासिक लीव यानि गेंद छोड़ने की कला की नकल करते दिखे। इसके बाद लाबुशेन ने रिजवान को सही तरीका बताया कि स्मिथ किस तरह गेंदों को छोड़ते हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसका वीडियो भी शेयर किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा- किसने स्मित की सबसे अच्छी नकल की?



## आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के उपविजेता लक्ष्य सेन ने कहा - अपना सपना जी रहा हूं

**नई दिल्ली।** ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के रनरअप रहे भारत के लक्ष्य सेन स्विस ओपन में नहीं खेलने का फैसला लिया है। ऐसे में स्विस ओपन में अब भारतीय चुनौती किदांबी श्रीकांत, बी साई प्रणीत, पीवी सिंधू, साइना नेहवाल, सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी, त्रिशा जौली-गायत्री गोपीचंद के भरोसे रहेगी। स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है। टूर्नामेंट में दूसरी वरीय सिंधू पहले दौर में डेनमार्क की लिन जार्र्सफेल्ड्ट, साइना सातवीं वरीय चीन की वांग झी यी, साई प्रणीत साथी एचएस प्रणय खेलेंगे। स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है।




टूर्नामेंट में दूसरी वरीय सिंधू पहले दौर में डेनमार्क की लिन जार्र्सफेल्ड्ट, साइना सातवीं वरीय चीन की वांग झी यी, साई प्रणीत साथी एचएस प्रणय खेलेंगे। सिंधू और साइना दोनों ही जर्मन ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में दूसरे राउंड में हारकर बाहर हो गए थे। वहीं, श्रीकांत जर्मन ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में कामयाब रहे थे। ऐसे में ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के जरिये फॉर्म में वापसी करना चाहेंगे।

## बार्सिलोना ने रियाल को उसके घर में रौंदा, तीन साल बाद एल-क्लासिको में जीत दर्ज की

**मैडिड्र।** स्पेन के फुटबॉल लीग 'ला लीगा' में की रात सबसे बड़ा मैच चिर-प्रतिद्वंद्वी बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच खेला गया। दोनों के बीच होने वाले मुकाबले को 'एल-क्लासिको' कहा जाता है। बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड को उसके घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नबेऊ में 4-0 से बुरी तरह रौंद दिया। बार्सिलोना को एल-क्लासिको में तीन साल बाद जीत मिली है। उसने पिछली बार रियाल मैड्रिड को दो मार्च 2019 को हराया था। वह जीत भी सैंटियागो बर्नबेऊ में ही मिली थी।



बार्सिलोना के लिए मैच में तीन खिलाड़ियों ने गोल दागे। पियरे-एमेरिक आउबामेयांग ने दो गोल किए। वहीं, फेर्रान टोरेस और रोनाल्ड अराउजो ने एक-एक गोल दागे। मुकाबले के लिए करीब 60 हजार दर्शक सैंटियागो बर्नबेऊ में मौजूद थे। इनमें बार्सिलोना के फैंस कुछ ही थे। नए कोच जावी हर्नांडेज के नेतृत्व में बार्सिलोना ने रियाल को मुकाबले में टिकने ही नहीं दिया। हालत ऐसी थी कि रियाल के फैंस 90 मिनट के खेल में 60 मिनट के बाद ही स्टेडियम से लौटने लगे थे।

आउबामेयांग ने 29वें मिनट में मैच का पहला गोल किया। उन्होंने डेम्बेले के क्रॉस पास पर गोल दाग दिया। आउबामेयांग के इस हेडर से बार्सिलोना की टीम मैच में 1-0 से आगे हो गई।

## पद्मभूषण पाने वाले देश के पहले पैरालंपिक खिलाड़ी बने देवेंद्र झाझड़िया, राष्ट्रपति कोविंद ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** जैवलिन थ्रोअर देवेंद्र झांझड़िया को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद्मभूषण सम्मान दिया है। वो यह पुरस्कार पाने वाले देश के पहले पैरा एथलीट हैं। झांझड़िया ने तीन ओलंपिक में देश को मेडल दिलाया है। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत ही उन्हें पद्मभूषण से सम्मानित किया गया है। झाझड़िया राजस्थान के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्हें यह अवार्ड दिया गया है। उन्होंने पिछले साल टोक्यो पैरालिंपिक में सिल्वर मेडल जीता था। इससे पहले एथेंस 2004 और रियो 2016 के पैरा ओलंपिक खेलों में देवेंद्र देश के लिए स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

उन्होंने एथेंस पैरा ओलंपिक 2004 में स्वर्ण पदक जीता था। किसी भी एकल स्पर्धा में भारत के लिए पहला पैरा ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले चूरू के जेवलिन थ्रोअर देवेंद्र झाझड़िया को साल 2004 और साल 2016 में पैरा ओलंपिक खेलों में



स्वर्ण पदक जीतने के बाद विभिन्न अवार्ड और पुरस्कार मिल चुके हैं। भारत सरकार द्वारा खेल उपलब्धियों के लिए देवेंद्र को खेल जगत का सर्वोच्च राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। इससे पूर्व उन्हें पद्मश्री पुरस्कार, स्पेशल स्पोर्ट्स अवार्ड 2004, अर्जुन अवार्ड 2005, राजस्थान खेल रत्न, महाराणा प्रताप पुरस्कार 2005, मेवाड़ फाउंडेशन के प्रतिष्ठित अरावली सम्मान 2009 सहित अनेक इनाम-इकराम मिल चुके हैं। वे खेलों से जुड़ी विभिन्न समितियों के सदस्य रह चुके हैं।

**साधारण परिवार में हुआ था जन्म**

देवेंद्र का जन्म चूरू के सादुलपुर के एक साधारण किसान दंपती रामसिंह और जीवणी देवी के आंगन में 10 जून 1981 को हुआ था। देवेंद्र ने सुविधाहीन परिवेश और विपरीत परिस्थितियों को कभी अपने मार्ग की बाधा बनने नहीं दिया। गांव के जोहड़ में एकलव्य की तरह लक्ष्य को समर्पित देवेंद्र ने लकड़ी का भाला बनाकर खुद ही अभ्यास शुरू कर दिया।

**स्कूल से की भाला फेंकने की शुरुआत**

1995 में स्कूली प्रतियोगिता से उन्होंने भाला फेंकने की शुरूआत की। कॉलेज में पढ़ते वक्त बंगलौर में राष्ट्रीय खेलों में जैवलिन थ्रो और शॉट पुट में पदक जीतने के बाद तो देवेंद्र ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 1999 में राष्ट्रीय स्तर पर जेवलिन थ्रो में सामान्य वर्ग के साथ कड़े मुकाबले के बावजूद स्वर्ण पदक जीतना देवेंद्र के लिए बड़ी उपलब्धि थी। इस तरह उपलब्धियों का सिलसिला चल पड़ा पर वास्तव में देवेंद्र के ओलंपिक स्वप्न की शुरुआत हुई।

**बनाया विश्व रिकॉर्ड**

2002 के बुसान एशियाड में देवेंद्र ने स्वर्ण पदक जीता। साल 2003 के ब्रिटिश ओपन खेलों में देवेंद्र ने जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और ट्रिपल जंप तीनों स्पर्धाओं में सोने के पदक अपनी झोली में डाले। देश के खेल इतिहास में देवेंद्र का नाम उस दिन सुनहरे अक्षरों में लिखा गया, जब उन्होंने 2004 के एथेंस पैरा ओलंपिक में भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इन खेलों में देवेंद्र द्वारा 62.15 मीटर दूर तक भाला फेंक कर बनाया गया। विश्व रिकॉर्ड स्वयं देवेंद्र ने ही रियो में 63.97 मीटर भाला फेंककर तोड़ा। बाद में देवेंद्र ने साल 2006 में मलेशिया पैरा एशियन गेम में स्वर्ण पदक जीता। साल 2007 में ताईवान में अयोजित पैरा वर्ल्ड गेम में स्वर्ण पदक जीता और वर्ष 2013 में लियोन (फ्रांस) में हुई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक देश की झोली में डाला।

## 'कबीर सिंह' की फैन हैं पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर्स

**नई दिल्ली।** महिला विश्व कप मे पाकिस्तान टीम ने वेस्टइंडीज को हराकर टूर्नामेंट की पहली जीत दर्ज की। यह 2009 महिला वनडे विश्व कप के बाद पाकिस्तानी टीम की पहली जीत रही। जीत के बाद पाकिस्तान की टीम बेहद खुश नजर आई। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पाकिस्तानी खिलाड़ी गाना गाते दिख रही हैं।

दरअसल मैच के बाद स्टार एंकर और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की पत्नी संजना गणेशन पाकिस्तान के ड्रेसिंग रूम में पहुंचीं। इस दौरान संजना ने एक खिलाड़ी से पूछा कि कौन सी खिलाड़ी टीम बस पर अचानक से गाना शुरू कर देती हैं। इस पर उस खिलाड़ी ने जवाब दिया नजीहा अल्वी। संजना ने इस पर पूछा कि ऐसा क्यों है? तो उस खिलाड़ी ने जवाब दिया कि नजीहा सोचती हैं कि वह एक बहुत ही अच्छी गायिका हैं। इस पर नजीहा को बुलाया जाता है और संजना उनसे गाने का रिक्वेस्ट करती हैं।

## सेमीफाइनल के लिए भारत का दावा मजबूतः महिला वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को 110 रन से हराया, पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंची टीम इंडिया

**हैमिल्टन ।** भारत ने महिला वर्ल्ड कप के 22वें मैच में बांग्लादेश को 110 रन से हरा दिया है। बांग्लादेश के सामने 230 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में टीम 119 रन पर ऑलआउट हो गई। सलमा खातून (32) टॉप स्कोरर रही। भारत की ओर से स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट चटकाए। झूलन गोस्वामी और पूजा वस्त्रकर ने 2-2 विकेट लिए।

**सेमीफाइनल के लिए भारत का दावा मजबूत**

टीम इंडिया की बांग्लादेश के खिलाफ ये लगातार 5वीं जीत है। जीत के साथ ही भारत महिला वर्ल्ड कप की पॉइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ तीसरे पायदान पर पहुंच गई है। अब भारत को अपना बचा हुआ एकमात्र मुकाबला 27 मार्च को साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलना है। इसी के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल का दावा मजबूत कर लिया है।

**बांग्लादेश की बैटिंग ने किया निराश**

टारगेट का पीछा करते हुए BAN की शुरुआत खराब रही और छठे ओवर में LBW आउट कर दिलाई। ये विकेट टीम इंडिया को रिव्यू पर मिला। दरअसल,




शर्मिन अख्तर 5 रन बनाकर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर आउट हुई। शर्मिन का कैच पहली स्लिप में स्नेह राणा ने पकड़ा। भारत को दूसरी सफलता पूजा वस्त्रकर ने फरगना होक (0) को अंपायर ने फरगना को नॉट-आउट दियाा था, जिसके बाद भारतीय कप्तान मिताली राज ने DRS की मांग की। रीप्ले में नजर आया कि गेंद लेग स्टंप को हिट कर रही थी। बांग्लादेश का तीसरा विकेट 28 के स्कोर पर गिरा। कप्तान निगार सुल्ताना 11 गेंदों में 3 रन बना कर स्नेह राणा की गेंद पर आउट हुई। उनका कैच मिड ऑन पर हरमनप्रीत कौर ने पकड़ा। ओपनर मुर्शिदा खातून 54 गेंदों में 19 रन बनाकर पूनम यादव की गेंद पर आउट हुई। मुर्शिदा का कैच भी हरमन ने पकड़ा।

अगले ही ओवर में स्नेह राणा ने रुमाना अहमद (2) को आउट कर भारत को 5वीं सफलता दिलाई। रुमाना का कैच शॉर्ट लेग पर यास्तिका भाटिया ने पकड़ा। छठे विकेट के लिए सलमा खातून और लता मंडल ने 62 गेंदों पर 40 रन जोड़कर बांग्लादेशी पारी को संभाला। इस जोड़ी पर ब्रेक झूलन गोस्वामी ने सलमा (32) को आउट कर लगाई।

लता मंडल 24 रन बनाकर पूजा वस्त्रकर की गेंद पर आउट हुई। स्नेह राणा ने फहीमा खातून (1) को LBW कर मैच में अपना तीसरा विकेट लिया। स्नेह ने अगले ओवर में नाहिदा अख्तर (0) को आउट कर मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया।

**भारत ने 7 विकेट खोकर बनाए थे 229 रन**

इससे पहले टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए 6 विकेट खोकर 229 रन बनाए। यास्तिका भाटिया (50) टॉप स्कोरर रही, जबकि शेफाली वर्मा ने 42 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से रितु मोनी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। 2 विकेट नाहिदा अख्तर के खाते में आए।

**पूजा और स्नेह की दमदार पार्टनरशिप**

7वें विकेट के लिए स्नेह राणा और पूजा वस्त्रकर ने 38 गेंदों पर 48 रन जोड़कर भारत के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। आखिर के ओवरों में दोनों खिलाड़ियों ने मैदान के हर कोने में जोरदार शॉट्स लगाए। स्नेह 23 गेंदों पर 27 रन बनाकर जहांआरा आलम की गेंद पर आउट हुई। वहीं, पूजा ने 33 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए।

## आंकड़े क्रिकेट यात्रा का हिस्सा, अंतिम लक्ष्य नहीं : अश्विन

**मुंबई।** भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में हाल में दूसरे नंबर पर काबिज होने वाले दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह कभी आंकड़ों के पीछे नहीं भागते तथा निजी उपलब्धियों को यात्रा का हिस्सा मानते हैं, अंतिम लक्ष्य नहीं। अश्विन ने श्रीलंका के खिलाफ हालिया टेस्ट श्रृंखला में 15.08 की औसत से 12 विकेट लिये।इस बीच उन्होंने कपिल देव के 434 विकेट के आंकड़े को पीछे छोड़ा। उनके नाम पर अब 442 विकेट दर्ज हैं और विश्व में सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं।

अश्विन ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''आंकड़े देखने में अच्छे लगते हैं और देखकर अच्छा लगता है कि आंकड़ों के मामले में मैंने क्या हासिल किया है। मैं जितना अधिक खेला, उतना मुझे लगा कि आंकड़े अंतिम लक्ष्य नहीं बल्कि आपकी यात्रा का हिस्सा हैं।'' उन्होंने कहा, ''पिछले दो तीन वर्षों में विशेषकर बहुत अच्छा लग रहा है। आस्ट्रेलिया में श्रृंखला जीत, टी20 टीम में वापसी, यह वैसा ही अहसास था जब मैंने पहली बार टीम में जगह बनायी थी।'' यह 35 वर्षीय स्पिनर आगामी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलेगा जो इस लीग में उनकी पांचवीं फ्रेंचाइजी है। उन्होंने कहा कि इस टी20 टूर्नामेंट ने शुरू से उन्हें बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद की।

अश्विन ने कहा, ''आईपीएल एक मुश्किल टूर्नामेंट है। प्रत्येक सत्र में कई कारक होते हैं जिनका प्रभाव पड़ सकता है। आप इन्हें ओस, पिच, विरोधी टीम कुछ भी नाम दे सकते हैं जो अलग अलग तरह से प्रभाव डालते हैं। इससे इसके लिये तैयारी करना चुनौती होता है।

आपको हर समय चुनौतियों के लिये तैयार रहना होगा।'' उन्होंने कहा, ''व्यक्तिगत तौर पर हालांकि आईपीएल में खेलना मेरे लिये हमेशा रोमांचक रहा है। आईपीएल आपको प्रयोग करने का मौका देता है जिससे मुझे बेहतर क्रिकेटर बनने में मदद मिलती है।


## राजस्थान रॉयल्स के कोच कुमार संगकारा ने इस खिलाड़ी को टी-20 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2022 यानि लीग के 15वां सीजन को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन का समय रह गया है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम हेड कोच कुमार संगकारा की देखरेख में अपने दूसरे खिताब के लिए तैयारी में जुट गई है। संजू सैमसन पिछले सीजन की तरह इस साल भी टीम की कमान संभालते नजर आएंगे। संगकारा ने कप्तान सैमसन की जमकर तारीफ की है। हेड कोच ने कप्तान सैमसन को टी-20 में भारत का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बताया है। सैमसन ने आईपीएल में 2013 में डेब्यू किया था। संगकारा को सैमसन से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा है कि सैमसन इस साल न केवल रन बनाएंगे, बल्कि कप्तानी का दायित्व भी बेहतर तरीके से निभाएंगे। संगकारा ने ये बातें क्लबहाउस कन्वर्सेशन ऑन रेड बुल क्रिकेट कार्यक्रम के दौरान कही।

संगकारा ने सैमसन की खूबियां बताते हुए कहा- राजस्थान के कप्तान हमेशा ये स्वीकार करते हैं कि वह क्रिकेट में सबकुछ नहीं जानते, लेकिन वह सीखने में कभी पीछे नहीं हटना चाहते। चाहे वो कप्तानी ही क्यों न हो। सैमसन ने आईपीएल में 2013 में डेब्यू किया था। संगकारा को सैमसन से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा है कि सैमसन इस साल न केवल रन बनाएंगे, बल्कि कप्तानी का दायित्व भी बेहतर तरीके से निभाएंगे। संगकारा ने ये बातें क्लबहाउस कन्वर्सेशन ऑन रेड बुल क्रिकेट कार्यक्रम के दौरान कही। संगकारा ने सैमसन की खूबियां बताते हुए कहा- राजस्थान के कप्तान हमेशा ये स्वीकार करते हैं कि वह क्रिकेट में सबकुछ नहीं जानते, लेकिन वह सीखने में कभी पीछे नहीं हटना चाहते। चाहे वो कप्तानी ही क्यों न हो। संगकारा ने कहा- सैमसन जमीन से जुड़े हुए खिलाड़ी हैं।

## ऑस्ट्रेलिया : दुष्प्रचार की जानकारी भी देनी होगी टेक कंपनियों को , सहयोग न करने पर सरकार कर सकेगी कार्रवाई

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया दिग्गज टेक कंपनियों पर नकेल कसने के लिए एक और कदम बढ़ाने जा रहा है। इसके तहत फेसबुक, ट्विटर और गूगल जैसी कंपनियों को उनके मंच से प्रसारित झूठी सूचनाओं और दुष्प्रचार से निपटने की जानकारी मीडिया नियामक से साझा करनी होगी। सरकार ने बताया कि नए कानूनों के जरिए ऑस्ट्रेलियाई संचार और मीडिया प्राधिकरण (एसीएमए) सहयोग न करने वाली कंपनियों पर इंटरनेट उद्योग संहिता भी लागू करने में सक्षम होगा।



ऑस्ट्रेलिया ने नए कानून बनाने का फैसला एसीएमए की उस रिपोर्ट के बाद लिया, जिसमें पाया गया था कि देशभर के 80 फीसदी वयस्कों तक कोरोना महामारी की गलत सूचनाएं पहुंची थीं। इनमें से 76 फीसदी ने महसूस किया कि ऑनलाइन साझा झूठी और भ्रामक सामग्री को रोकने के लिए इंटरनेट मंचों को अधिक प्रयास करना चाहिए। एसीएमए के मुताबिक, लोगों को सबसे ज्यादा गलत सूचनाएं फेसबुक और ट्विटर पर मिलीं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के संचार मंत्री पॉल फ्लेचर ने कहा है कि डिजिटल मंचों को हानिकारक व भ्रामक सामग्री पर रोकथाम के लिए ज्यादा जिम्मेदारी लेनी चाहिए और नए कानूनों के तहत उन्हें भ्रामक सूचनाओं से निपटने संबंधी जानकारी साझा करने को बाध्य किया जाएगा।

## बदहाली के दिनः अमेरिका में टैक्सी चला गुजारा कर रहे पूर्व अफगान वित्तमंत्री, कहा- शायद हम ही सुधरना नहीं चाहते

**काबुल।** अफगानिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री खालिद पायंदा इन दिनों अमेरिका के वाशिंगटन में टैक्सी चलाकर गुजारा कर रहे हैं। वे अमेरिका से बेहद खफा हैं और मानते हैं कि उसी ने अफगानिस्तान को तालिबान के हाथों सौंप दिया। उन्होंनें इसे धोखा करार दिया।पिछले वर्ष अगस्त में तालिबान द्वारा अफगानिस्तान पर कब्जा करने से एक सप्ताह पूर्व खालिद ने इस्तीफा दे दिया था। पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी ने सार्वजनिक बैठक में उनकी आलोचना की थी।

खालिद के अनुसार उन्हें अनुमान नहीं था कि सरकार अचानक इस प्रकार गिर जाएगी। आज भी उन्हें यह दुखद सवाल चुभते हैं कि अफगानिस्तान की हार कैसे हुई? वे मानते हैं कि लोकतांत्रिक सरकार गिरने के पीछे वे और अफगानिस्तानी नागरिक जिम्मेदार हैं।

**शायद हम ही सुधरना नहीं चाहते**

खालिद कहते हैं कि हम सुधारों की सामूहिक इच्छा नहीं रखते। अमेरिका ने भी धोखा दिया, आज भी यह बात उन्हें भीतर से खा रही है। उनके पास आज कोई घर नहीं है। खालिद ने कहा कि वे अमेरिका के नहीं है, लेकिन यहां रहना उन्हें ऐसा खालीपन देता है जिसे भरा नहीं जा सकता।

**परिवार के जीवन-यापन के लिए बने टैक्सी ड्राइवर**

दी वाशिंगटन पोस्ट की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मोहम्मद खालिद पाएंदा इन दिनों अमेरिका में उबर कैब चला रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे से पहले वह वित्त मंत्री थे। तख्तापलट की आशंका में वह अपना देश छोड़कर अमेरिका चले गए थे, जहां वह जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में एडजंक्ट प्रोफेसर भी हैं, लेकिन अपने परिवार के जीवन-यापन के लिए वह पार्टटाइम उबर कैब भी चलाते हैं।

## नियुक्तिः भारत की अर्थशास्त्री जयती घोष यूएन उच्च स्तरीय बोर्ड में शामिल, जेएनयू में दे चुकी हैं सेवा

**संयुक्त राष्ट्र।** भारतीय विकास अर्थशास्त्री जयती घोष को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरस ने प्रभावी बहुपक्षवाद पर एक नए उच्च स्तरीय सलाहकार बोर्ड में नियुक्त किया है। घोष (66) यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाच्युसेट्स एमहर्स्ट में प्रोफेसर हैं। वह पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में आर्थिक अध्ययन और योजना केंद्र की अध्यक्ष व अर्थशास्त्र की प्रोफेसर रह चुकी हैं। जयती घोष अर्थव्यवस्था और सामाजिक मामलों पर संयुक्त राष्ट्र के उच्च स्तरीय सलाहकार बोर्ड की भी सदस्य हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पिछले शुक्रवार को प्रभावी बहुपक्षवाद पर सलाहकार बोर्ड की स्थापना की घोषणा की थी जिसकी सह-अध्यक्षता लाइबेरिया की पूर्व राष्ट्रपति और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित एलेन जॉनसन सरलीफ और स्वीडन के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन लोफवेन करेंगे।

# चीन विमान हादसे में सभी 132 पैसेंजर्स की मौत

## 563 किमी/घंटे की रफ्तार से पहाड़ों से टकराकर क्रैश हुआ, लैंडिंग से 43 मिनट पहले टूटा था संपर्क

**बीजिंग।** चीन के गुआंग्शी में दोपहर बड़ा विमान हादसा हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 132 लोगों की मौत हो गई। चाइना ईस्टर्न पैसेंजर एयरलाइंस का यह विमान गुआंग्शी की पहाड़ियों में क्रैश हो गया था। इनमें 123 यात्री और 9 क्रू मेम्बर्स सवार थे। जिस पहाड़ी पर यह विमान क्रैश हुआ है, वहां की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें दिखाई दे रहा है कि विमान क्रैश होने के बाद वहां के जंगल में आग लग गई।

**लैंडिंग से 43 मिनट पहले टूटा विमान का संपर्क**

चीन के सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, फ्लाइट रू5735 ने दोपहर सवा एक बजे कुनमिंग चांगशुई एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। ये फ्लाइट 3 बजे गुआंगझोऊ तक पहुंचनी थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्लेन दो मिनट से भी कम समय में 30,000 फीट नीचे गिर गया। 563 किमी/घंटे की रफ्तार से पहाड़ों से टकराकर क्रैश हुआ।

उड़ान भरने के 71 मिनट बाद ये प्लेन हादसे का शिकार हो गया। लैंड करने से 43 मिनट पहले विमान का संपर्क ट्रैफिक से टूट गया था। यात्रियों को ले जा रहा विमान बोइंग 737 है। बोइंग साढ़े छह साल से एयरलाइंस में



ऑपरेट हो रहा था। हादसे के बारे में चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस का बयान नहीं आया है। हालांकि इसकी वेबसाइट को हादसे का शिकार हुए लोगों के प्रति सम्मान में ब्लैक एंड व्हाइट कर दिया गया। इस मॉडल के विमान पहले भी कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं। हालांकि जो विमान हादसे का शिकार हुआ है वह बोइंग ने 2015 में ही डिलिवर किया था।चीनी मीडिया के मुताबिक विमान गुआंग्शी के वुझोउ शहर के पास हादसे का शिकार हुआ। एक ग्रामीण ने बताया कि प्लेन के गिरते ही लगी आग से आसपास का जंगल आग में राख हो गया।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि हादसे से उन्हें धक्का लगा है। उन्होंने दुख जाहिर करते हुए हादसे की जांच के आदेश दिए। चीन में विमान दुर्घटना और एयरलाइन कंपनी के सभी 737-800 प्लेन की उड़ान बंद करने की घोषणा के बाद बोइंग के शेयरों में 8फीसदी तक की गिरावट आई है।

दुनियाभर में बोइंग के 4,200 विमान सेवा में हैं। इनमें से 1,177 अकेले चीन में हैं।

**20 साल में चीन ने बढ़ाई सेफ्टी**

चीन में 1990 के दशक में विमान हादसे होते रहे हैं। इसके बाद कंपनियों ने इस पर ध्यान दिया और उड़ानों में नए विमान उपयोग किए जाने लगे। सरकार ने भी एविएशन की सख्त पॉलिसी बनाई। इस कारण हादसों की संख्या में काफी कमी आई।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने भारत की प्रतिक्रिया को बताया कमजोर, क्वाड साझेदारों को लेकर कही यह बात

**वाशिंगटन।** रूस-यूक्रेन जंग को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत की प्रतिक्रिया को कमजोर करार दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के बाकी साझेदारों की तुलना में भारत का जवाब अस्थिर है। वाशिंगटन में अमेरिकी बिजनेस लीडर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति बाइडन ने यह बात कही। उन्होंने क्वाड साझेदार देशों का जिक्र करते हुए कहा, 'पुतिन की आक्रामकता से निपटने में भारत अपवाद स्वरूप कुछ कमजोर रहा, लेकिन जापान बेहद सख्त रहा है, इसी तरह ऑस्ट्रेलिया भी कठोर है।'

**भारत ने हर मंच से शांति वार्ता का आग्रह किया**

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा और युद्धग्रस्त यूक्रेन से भारतीयों की निकासी रही। हालंकि हर मंच से भारत ने रूस-यूक्रेन जंग के समाधान के लिए बार-बार शांति वार्ता का आह्वान किया।

**भारत ने रूस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई**



बाइडन ने यह भी कहा कि क्वाड के अन्य साझेदारों- आस्ट्रेलिया, जापान व अमेरिका की तरह भारत ने रूस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई। उसने संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पर भी मतदान करने से इनकार कर दिया।

**बाइडन ने नाटो, योरपीय संघ व अन्य मित्रों की तारीफ की**

क्वाड के बाद नाटो का जिक्र करते हुए बाइडन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले इस उत्तर अटलांटिक संधि संगठन, योरपीय संघ, एशिया के अपने प्रमुख साझेदारों की तारीफ की, जिन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ साझा मोर्चा बनाया। रूस पर लगाई गई पाबंदियों में रूस की मुद्रा को पंगु बनाने, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और उच्च तकनीक वाले सामानों तक रूस की पहुंच को कमजोर करने के उद्देश्य से अभूतपूर्व प्रतिबंध शामिल हैं।

बाइडन ने कहा कि नाटो आज जितना मजबूत है, उतना पहले कभी नहीं रहा। नाटो व प्रशांत क्षेत्र में एक संयुक्त मोर्चा है। पुतिन नाटो को विभाजित करने के अपने मंसूबे को पूरा करने में सक्षम नहीं हुए।

**रूस से तेल आयात की आलोचना पर भारत ने यह कहा**

भारतीय तेल रिफाइनरियों द्वारा रूस से घटी दरों पर तेल आयात को लेकर हो रही आलोचना का भारतीय अधिकारियों ने स्पष्ट जवाब दिया है। कहा जा रहा है कि अमेरिका नीत पश्चिम देश जहां रूस पर पाबंदियां लगा रहे हैं, वहीं भारत तेल आयात कर उसकी मदद कर रहा है। भारतीय अधिकारियों ने इस पर कहा कि भारत विश्व में तेल का तीसरा सबसे बड़ा खपतकर्ता देश है। उसकी 85 फीसदी तेल जरूरत आयात से पूरी होती है। इसमें रूस से आयात मामूली 1 फीसदी से भी कम है।

## रूस-यूक्रेन युद्ध : जानवरों के लिए मसीहा बना 32 वर्षीय शख्स, 15 दिन में 200 बिल्लियों और 60 कुत्तों की बचाई जान

**कीव।** यूक्रेन और रूस के जारी युद्ध के बीच बहुत से लोगों को देश छोड़कर भागना पड़ा है, जबकि कई लोगों की जान चली गई है। इस परिस्थिति में इंसानों की ही तरह जानवर भी काफी झेल रहे हैं। कुछ अपने पालतू जानवरों को छोड़कर चले गए हैं। लेकिन इस बीच उन जानवरों के लिए 32 वर्षीय शख्स मसीहा बनकर आया है जो अपने देश से बॉर्डर पार कर यूक्रेन में दाखिल होकर उन्हें वहां से सुरक्षित निकाल रहा है।

पोलैंड के रहने वाले जाकुब कोटोविक्स नामक शख्स ने लवीव शहर से पिछले 15 दिनों में 200 बिल्लियों और 60 कुत्तों की जान बचाई है। बचाए गए पालतू जानवर स्वास्थ्य मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक हो रहे हैं। जाकुब ने एक पिगमाय बकरी के बच्चे को भी बचाया है जिसका नाम साशा है और वो सिर्फ 2 महीने का है। अब वह उसे गोद लेने की सोच रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार जाकुब जब पोलैंड से लौटा तो बिल्लियां कुछ दिनों तक डर के साए में थीं। आमतौर पर लवीव से बॉर्डर पार करने में एक दिन का समय लगता है लेकिन भीड़ के चलते काफी



वक्त लगा। जाकुब के मुताबिक, उसने जानवरों को वहां से निकालने के लिए 12 लाख रुपये किराए पर दो कार खरीदी थी।

जाकुब कोटोविक्स एडीए नामक फाउंडेशन में पशु चिकित्सक के तौर पर कार्यरत है। लगभग 15 वर्ष से चल रही संस्था (एडीए) के साथ-साथ जाकुब का एक निजी पशु चिकित्सालय भी है, जिसमें लोगों को निःशुल्क सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं।

## जेलेंस्की की नाटो को खरी-खरी : यूक्रेन के राष्ट्रपति बोले-खुलकर कहो कि रूस से डर लगता है, किसी भी हाल में पुतिन से चर्चा को तैयार

**कीव।** 26 दिन से जारी जंग के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने नाटो को खरी-खरी कही है। जंग में अब तक सीधा साथ नहीं मिलने से नाराज जेलेंस्की ने नाटो से कहा कि वह खुलकर कह दे कि उसे रूस से डर लगता है। यूक्रेन के न्यूज चैनल सस्पिलने से चर्चा में जेलेंस्की ने कहा कि नाटो को या तो अब कहना चाहिए कि वह हमें स्वीकार कर रहे हैं, या खुले तौर पर कहें कि वे हमें स्वीकार नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे रूस से डरते हैं। इसके साथ ही जेलेंस्की ने फिर कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन चेतावनी दी कि यदि चर्चा विफल हुई तो इसका मतलब होगा तीसरा विश्व युद्ध। उन्होंने यह भी कहा कि यूक्रेन बहादुर देश है और वह रूस के समक्ष समर्पण नहीं



करेगा। जेलेंस्की ने जंग खत्म करने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ किसी भी शर्त पर और किसी भी हाल में चर्चा को तैयार हैं। जेलेंस्की ने कहा, 'मुझे लगता है कि बिना बैठक के पूरी तरह से यह समझ पाना नामुमकिन है कि पुतिन जंग रोकने के लिए क्या चाहते हैं।' इससे पहले भी जेलेंस्की कह चुके हैं कि बातचीत के बगैर किसी हाल में यह जंग खत्म नहीं होगी।

रूस-यूक्रेन के बीच अब तक कई दौर की वार्ता हो चुकी है, लेकिन कोई हल नहीं निकल पाया है। दोनों देशों के बीच जंग शुरू हुए 27 दिन हो गए हैं। नाटो के खुलकर यूक्रेन के पक्ष में नहीं आने पर जेलेंस्की ने सवाल किया कि उसे साफ करना चाहिए कि वह यूक्रेन को अपने गठबंधन में शामिल करेगा या नहीं? नाटो को खुलकर बता देना चाहिए कि उसे रूस से डर लगता है।

इस जंग के कारण दोनों देशों को भारी नुकसान हो रहा है। हालांकि यूक्रेन की तुलना में रूस बहुत ताकतवर देश है, लेकिन उसे भी काफी हानि उठाना पड़ रही है। मॉस्को की एक वेबसाइट का दावा है कि इस जंग में रूस के 10 सैनिक जान गंवा चुके हैं। हालांकि 2 मार्च को रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि जंग में उसके 500 सैनिक मारे गए हैं। उधर, यूक्रेन ने दावा किया था कि 15 हजार रूसी सैनिकों की मौत हो चुकी है। जबकि, अमेरिका ने 7 हजार मौतों का अनुमान लगाया था। रूस यूक्रेन में काफी अंदर तक घुस चुका है।

## रोहिंग्या मुसलमानों के दमन को नरसंहार घोषित करेगा, म्यांमार की सैन्य सत्ता पर बढ़ेगा अंतरराष्ट्रीय दबाव

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने औपचारिक रूप से रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ म्यांमार सेना के अत्याचारों को 'नरसंहार' घोषित करने का फैसला किया है। इससे म्यांमार की सैन्य सत्ता पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिका ने रोहिंग्या अल्पसंख्यकों पर म्यांमार की लंबे समय से चली आ रही सैन्य कार्रवाई को नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराध करार दिया है।

## पाकिस्तानः इमरान खान की विदाई तय! नवाज शरीफ की पार्टी ने किया पीएम कैंडिडेट का एलान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी उथलपुथल के बीच नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने प्रधानमंत्री पद के लिए अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। विपक्षी पार्टी पीएमएल-एन ने नवाज शरीफ के छोटे भाई शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है।

इस घोषणा के बाद से मौजूदा प्रधानमंत्री इमरान खान की विदाई की अटकलें और भी ज्यादा तेज हो गई हैं। नवाज शरीफ की बेटी

**इमरान खान, आपका खेल खत्म हो गया: मरियम**



मरियम नवाज ने कहा, कि न खान! आपका खेल खत्म या है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान क-ए-इंसाफ (पीटीआई) कारिक तौर पर टूट गया है। मरियम ने कहा कि पीएम इमरान को पता है कि अब कोई भी उनके बचाव में नहीं आएगा क्योंकि वह खेल हार गए हैं। मरियम नवाज ने कहा कि इमरान खान को लगता है कि उनके खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय साजिश है, लेकिन उन्होंने यहां के नागरिकों के खिलाफ साजिश किया है। अगर उन्होंने अपना कर्तव्य पूरा किया होता, तो दस लाख लोगों को विरोध करने का कोई कारण नहीं होता।

**इमरान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव 25 मार्च को**

इमरान खान सरकार अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है, क्योंकि इमरान खान के खिलाफ विपक्षी दलों के नेताओं ने अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 25 मार्च को नेशनल असेंबली की बैठक बुलाई है। विपक्षी नेता उन्हें अर्थव्यवस्था और विदेश नीति के कुप्रबंधन के लिए दोषी ठहराते हैं। लिहाजा अविश्वास प्रस्ताव 2018 में सत्ता में आने के बाद से इमरान खान के लिए सबसे कठिन परीक्षा मानी जा रही है, क्योंकि उनकी पार्टी के भी कई सांसदों ने उनके खिलाफ वोट देने का फैसला किया है। पाकिस्तान का कानून यह कहता है कि यदि कोई सांसद अपनी ही पार्टी की सरकार के खिलाफ वोट करता है तो उसकी सत्ता जा सकती है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

211019 से प्रकाशित

स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्

योग सत्संग समिति द्वारा

विपिन इण्टरप्राइजेज

1/6C माधव कुंज

कटरा प्रयागराज

से मुद्रित एवम् क्रियायोग

आश्रम अनुसंधान संस्थान

झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश

से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

## यूक्रेन संकटः बाल्टिक देश चाहते हैं सख्ती जर्मनी बोला- जल्दबाजी न करें, रूस पर प्रतिबंधों के 5वें दौर पर ईयू में मतभेद उभरे

**ब्रसेल्स/वाशिंगटन।** यूरोपीय संघ (ईयू) देशों के विदेश और रक्षामंत्री रूस पर तेल व गैस के व्यापार को लेकर कड़े प्रतिबंधों को लेकर सर्वसम्मति से कोई फैसला नहीं कर सके। अमेरिका और यूरोपीय संघ पहले ही रूस के केंद्रीय बैंक की संपत्तियां फ्रीज कर चुके हैं। मैरियुपोल में मानवीय संकट को लेकर यूरोप पर रूस के खिलाफ सख्ती का दबाव बढ़ रहा है।

बेल्जियम में ईयू मंत्रियों की बैठक में इस मुद्दे पर कोई फैसला नहीं हो सका। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नाटो, यूरोपीय संघ और जी-7 के नेताओं के साथ मिलकर बृहस्पतिवार को कठोर प्रतिक्रिया पर चर्चा की थी। ब्रिटेन और अमेरिका रूस से तेल व गैस का व्यापार बंद कर चुके हैं, लेकिन ईयू के 27 देश ऊर्जा जरूरतों को लेकर रूस पर निर्भर हैं। इसी वजह से ईयू में रूस पर प्रतिबंधों को लेकर मतभेद है।

जर्मनी कठोर ऊर्जा प्रतिबंध लगाने में संकोच कर रहा है, क्योंकि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर रूस पर निर्भर है। इसे लेकर जर्मनी ने यूरोप में पहले से ही चरम पर पहुंची ऊर्जा कीमतों पर आगाह करते हुए, रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाने में जल्दबाजी न करने की सलाह दी है।

**रूसी ऊर्जा व्यापार पर सख्ती करने की बात**

बाल्टिक देश रूस के ऊर्जा व्यापार को निशाना बनाने पर जोर दे रहे हैं। लिथुआनियाई



विदेश मंत्री गेब्रियलियस लैंड्सबर्गिस ने कहा, रूस के तेल और गैस व्यापार पर प्रतिबंध जरूरी हैं, क्योंकि रूस को सबसे ज्यादा राजस्व इसी से मिलता है।

**फ्रांस को सभी प्रतिबंध मंजूर**

ईयू की अध्यक्षता कर रहे फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा, हमें किसी प्रतिबंध पर एतराज नहीं है। यूक्रेन में हालात और बिगड़ते हैं, तो प्रतिबंध पर अगर-मगर ठीक नहीं। अब सैन्य उपायों का ही आसरा बचेगा।

**अमेरिकी रुख कठोर**

अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर उप-राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दलीप सिंह ने कहा कि प्रतिबंधों को व्यापक और कठोर किया जा सकता है। खासतौर पर रूस के बैंकिंग और ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाया जा सकता है। कुछ ही दिनों में रूस की अर्थव्यवस्था युद्ध से पहले से ठीक आधी रह जाएगी।

**चार दौर के प्रतिबंध नहीं डाल पाए मॉस्को पर दबाव**

अमेरिका और यूरोपीय संघ के चार दौर के प्रतिबंध रूस पर किसी तरह का असर नहीं डाल सके हैं। रूस और बेलारूस के 685 वित्तीय व व्यावसायिक निकायों के खिलाफ प्रतिबंध लगाए जा चुके हैं। अब तेल और गैस व्यापार निशाने पर लेने की कोशिश है।

## इस्लामिक सहयोग संगठन की बैठक में फिलिस्तीन और कश्मीर की गूंज

इस्लामाबाद। दुनिया के मुस्लिम देशों के संगठन इस्लामिक सहयोग संगठन यानी ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की 48वीं बैठक मंगलवार से इस्लामाबाद में शुरू हुई। दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में 57 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक में पहले दिन फिलिस्तीन व कश्मीर की गूंज सुनाई दी।

पाकिस्तान में हो रही ओआईसी विदेश मंत्रियों की इस बैठक में कहा गया कि मुस्लिम समाज के सामने बहुआयामी चुनौतियां हैं, जिनका सामना मिलकर करना होगा। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की मौजूदगी में हो रही इस्लामिक देशों के विदेश मंत्रियों की इस बैठक में चीन के विदेश मंत्री को विशेष रूप से न्योता दिया गया है। बैठक में ओआईसी के महासचिव एचबी ताहा ने फिलिस्तीन का मसला उठाते हुए कहा कि इजराइल लगातार फिलिस्तीनी लोगों की हत्या कर रहा है, उनकी जमीनों व अन्य संपत्तियों पर कब्जे कर रहा है। उन्होंने इजराइल पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन का भी आरोप लगाया।

ताहा ने कश्मीर मसला उठाते हुए कहा कि लंबे समय से जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान भी नहीं खोजा जा सका है। उन्होंने अफगानिस्तान में शांति की स्थापना के लिए सतत वार्ता पर जोर दिया। बैठक में सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैजल बिन फरहान अल सऊद ने अफगानिस्तान के लोगों की मदद के लिए और अधिक प्रयास करने पर जोर दिया।